संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -213 मंगलवार ,04 जून 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# परिणाम से पहले मिठाइयां-मालायें,अखंड पाठ किया गया

» इलेक्शन रिजल्ट से पहले बीजेपी कांग्रेस समर्थकों में ऐसा है माहौल...

➡ लोकसभा चुनाव के तमाम एग्जिट पोल के नतीजों में केंद्र में प्रचंड बहुमत से तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनने का अनुमान है...

➡ एनडीए के अबकी बार 400 पार हो रहे हैं या नहीं,ये तो 4 जून को ही पता चलेगा...लेकिन अभी से देशभर के बीजेपी समर्थकों में जश्न का मौहाल है....

**नई दिल्ली,03 जून 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे मंगलवार (4 जून) को आ रहे हैं।. उससे पहले तमाम एग्जिट पोल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बंपर वोटों से एनडीए की सरकार बनने का अनुमान है। नतीजे आने में अभी कुछ घंटे बाकी हैं, लेकिन एग्जिट पोल के रिजल्ट से उत्साहित बीजेपी के वोटर्स और समर्थक अभी से जश्न के माहौल में डूबे हैं। जीत की खुशी में मुंह मीठा कराने के लिए कई जगहों पर मिठाइयां बन रही हैं। लड्डू के डिब्बे पैक हो रहे हैं।. कहीं अखंड पाठ रखा जा रहा है। फूलों की मालाएं तैयार की जा रही हैं। वहीं,कांग्रेस दफ्तरों में भी रिजल्ट देखने का इंतजाम किया जा रहा है। टेंट और कूलर लगवाएं जा रहे हैं. मिठाइयां भी तैयार किए जा रहे हैं।
लोकसभा चुनाव के तमाम एग्जिट पोल के नतीजों में केंद्र में प्रचंड बहुमत से तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनने का अनुमान है। एनडीए के अबकी बार 400 पार हो रहे हैं या नहीं, ये तो 4 जून को ही पता चलेगा। लेकिन अभी से देशभर के बीजेपी समर्थकों में जश्न का मौहाल है।

### पटना में मोदी के मास्क पहनकर लड्डू बना रहे कारीगर

बिहार की राजधानी पटना में बीजेपी के समर्थकों में जोश इस कदर है कि वो पीएम नरेंद्र मोदी के मास्क लगाकर ही मोतीचूर के लड्डू तैयार कर रहे हैं।. ये लड्डू रिजल्ट जारी होने के बाद समर्थकों में बांटे जाएंगे।.

### मुंबई में भी बन ही मिठाइयां, सज रहे मंदिर-मस्जिद

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में भी जश्न के लिए मिठाइयां तैयार की जा रही हैं। मुंबई के गणेश भंडार में कारीगर देर रात से लड्डू बनाने में जुटे हुए हैं। कुछ कारीगरों ने बीजेपी के चुनाव चिह्न कमल की छाप वाली मिठाई भी बनाई है। मंदिरों और मस्जिदों में सजावट भी की जा रही है।

### कोलकाता में इंडिया अलायंस के पार्टियों पर बन रहीं मिठाइयां

पश्चिम बंगाल में भी जश्न में मुंह मीठा कराने के लिए लड्डू और संदेश तैयार किए जा रहे हैं। यहां इंडिया अलायंस के घटक दलों जैसे कांग्रेस, टीएमसी और अन्य पार्टियों के चुनाव चिह्न के शेप वाले संदेश और छेने की मिठाइयां बन रही हैं। कुछ दुकानदार फूलों की मालाएं भी तैयार कर रहे हैं।

### जबलपुर में अभी से बंटने लगी मिठाइयां

मध्य प्रदेश के जबलपुर में लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले ही बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मिठाई बनाना शुरू कर दिया है। उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडे ने कार्यकर्ताओं के साथ मगज और बूंदी के लड्डू बना रहे है। इस मिठाई के परिणाम आने के पहले से ही जबलपुर वासियों को बांटा जाएगा। लड्डू के अलावा कलाकंद भी बनाया जा रहा है,इसके साथ ही शरबत की भी व्यवस्था की गई है।



## कांग्रेस मुख्यालय में तैयारियां जोरों पर

दूसरी ओर,लोकसभा चुनाव की मतगणना से एक दिन पहले सोमवार को कांग्रेस मुख्यालय में तैयारियां जोरों पर हैं। पार्टी मुख्यालय '24 अकबर रोड के परिसर में टेंट लगाया गया है। वहां कूलर की व्यवस्था भी की गई है। कांग्रेस समर्थक पार्टी की इन तैयारियों को 'इंडिया गठबंधन की जीत की स्थिति में जश्न की तैयारी के रूप में देख रहे हैं। एक वीडियो में कांग्रेस समर्थकों को मिठाइयां बांटते और राहुल गांधी पर फूल बरसाते देखा जा सकता है। दूसरे वीडियो में कांग्रेस समर्थकों को फूलों की माला तैयार करते देखा जा सकता है।
कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के अन्य घटक दलों ने एग्जिट पोल को खारिज कर दिया है। उन्होंने दावा किया है कि विपक्षी गठबंधन अगली सरकार बनाएगा।



## वाराणसी में हुआ रुद्राभिषेक यज्ञ

एग्जिट पोल के आंकड़ों पर जारी प्रतिक्रियाओं बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में कुछ अलग ही माहौल है। यहां सत्ता पक्ष के लोगों में जश्न का माहौल है। धर्म की नगरी काशी में लोगों ने पीएम मोदी की जीत और एनडीए को 400 पार सीट मिले, इसकी कामना करते हुए रुद्राभिषेक यज्ञ किया। यज्ञ करने वालों में ज्ञानवापी मामले में शामिल हिंदू पक्ष के वकील और वादी भी शामिल रहे। इन लोगों ने महामृत्युंजय मंदिर में ज्ञानवापी मामले में सकारात्मक फैसले के लिए भी यज्ञ किया।

## मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मुस्लिम महिलाओं ने की विशेष प्रार्थना



देश में सात चरणों में हुए लोकसभा चुनाव के बाद अब लोगों की निगाहें चार जून को होने वाली मतगणना पर टिकी हुई हैं,लेकिन मतगणना से पहले पूर्वानुमान (एग्जिट पोल) में एक बार फिर से देश में एनडीए की सरकार बनती नजर आ रही है। ज्यादातर एग्जिट पोल में तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ देश में मोदी सरकार बनने का अनुमान लगाया गया है। चारों तरफ कमल खिल रहा है। इससे उत्साहित भाजपा काशी प्रांत अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ परमात्मा का शुक्रिया अदा करते हुए सभी समुदाय के लोगों ने अपने-अपने मतानुसार ईश्वर के चरणों में प्रार्थना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। इसके साथ ही नरेंद्र मोदी के चित्र को मिष्ठान,फलाहार स्पर्श कराते करते हुए एक दूसरे को मुंह मीठा कराया है।
इस अवसर पर निगहत खान ने कहा कि पीएम मोदी इतिहास रचेंगे,क्योंकि उन्होंने महिलाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण उपलब्धियां भरे कार्य किये हैं। मो.जुबैर ने कहा कि भाजपा ने गरीब, महिला, किसान और युवाओं के कल्याण के लिए किए गए सराहनीय कार्यों का परिणाम है कि तीसरी बार मोदी सरकार बनने जा रही है।
सरदार पतविंदर सिंह ने विभिन्न सूक्ति वाक्य लिखे प्ले कार्ड लेकर सबके साथ सामूहिक रूप से परमात्मा का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि एग्जिट पोल सत्य हो जिससे भारत शीघ्र से शीघ्र विश्व गुरु कहलाने लग जाए।

## संक्षिप्त खबर



### रेव पार्टी मामले में ड्रग तस्कर गिरफ्तार

#### एक्ट्रेस और 20 के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट की तैयारी

**बेंगलुरु,03 जून 2024 (ए)।** इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी रेव पार्टी मामले में कर्नाटक पुलिस ने सोमवार को बेंगलुरु से एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए कथित ड्रग तस्कर की पहचान बेंगलुरु के डी.जे. हल्ली निवासी उमर शरीफ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से 40 एमडीएमए टैबलेट जब्त की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी रेव पार्टी में मौजूद था। पार्टी के आयोजकों ने उसे विभिन्न प्रकार की ड्रग्स आपूर्ति करने के लिए कहा था।

# अमित शाह को लेकर किया था दावा...चुनाव आयोग ने लिया ये फैसला

**नई दिल्ली,03 जून 2024 (ए)।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस महासचिव और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश को उस मामले में अपना पक्ष रखने के लिए अतिरिक्त समय देने से इनकार कर दिया है, जिसमें उन्होंने दो दिन पहले यह दावा किया था कि मतगणना से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह देशभर के 150 जिलाधिकारियों को फोन कर रहे हैं और ऐसा कर वह चुनाव नतीजों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। जयराम रमेश के इस ट्वीट पर भाजपा ने चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया था, जिसपर आयोग ने जयराम रमेश से अपना पक्ष रखने को कहा था। आयोग के नोटिस पर रमेश ने एक हफ्ते का अतिरिक्त समय देने की मांग की थी, जिसे आयोग ने इनकार कर दिया और आज (सोमवार) शाम 7 बजे तक उनसे मामले में जवाब दाखिल करने को कहा है। रमेश को लिखे पत्र में आयोग ने 3 जून को शाम 7 बजे तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है अन्यथा चुनाव आयोग उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करेगा। चुनाव आयोग ने अपने पत्र में कहा है, आपका आरोप है कि लगभग 150 संसदीय क्षेत्रों के जिला मजिस्ट्रेटों,जो आरओ/डीईओ भी हैं, को प्रभावित करने का प्रयास किया गया है, जिसका कल होने वाली मतगणना प्रक्रिया की पवित्रता पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। जैसा कि आयोग के दिनांक 02..06.2024 के पत्र में उल्लेख किया गया है, किसी भी डीएम ने आपके द्वारा लगाए गए किसी भी अनुचित प्रभाव की सूचना नहीं दी है। इसलिए,आयोग समय विस्तार के आपके अनुरोध को पूरी तरह से खारिज करता है।




## महंगा हुआ हाईवे का सफर

» आज से लागू,कितना देना होगा टोल टैक्स...

**नई दिल्ली/रायपुर,03 जून 2024(ए)।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने टोल टैक्स में बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें आज 3 जून से लागू हो गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि सोमवार से पूरे देश में सड़क टोल शुल्क में 3-5 प्रतिशत की वृद्धि होने वाला है। देश में आम चुनावों के कारण अप्रैल में वार्षिक वृद्धि को रोक दिया गया था।भारत में टोल शुल्क मुद्रास्फीति के अनुरूप सालाना संशोधित किए जाते हैं और राजमार्ग संचालकों ने सोमवार से लगभग 1,100 टोल प्लाजा पर 3 प्रतिशत से 5 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा करते हुए नोटिस जारी कर दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चूंकि चुनाव प्रक्रिया समाप्त हो गई है, इसलिए उपयोगकर्ता शुल्क दरों में संशोधन किए गए हैं। इसे चुनावों के दौरान रोक दिया गया था जो अब 3 जून से प्रभावी हो रहा है। टोल के बढ़ने से इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स जैसे उच्च ऑपरेटरों को टोल वृद्धि से लाभ होगा। भारत ने पिछले दशक में राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार के लिए अरबों डॉलर का निवेश किया है, इसकी कुल लंबाई लगभग 146,000 किलोमीटर है,जो दूसरा सबसे बड़ा वैश्विक सड़क नेटवर्क है।



# उत्तरप्रदेश सरकार ने बढ़ाया बसों का किराया

**लखनऊ,03 जून 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव का मतदान खत्म हो चुका है अब परिणाम की बारी है. जनता ने अपना फैसला सुना दिया है. चार जून को नतीजे आएंगे तब जा कर पता चलेगा कि देश की जनता ने किसे ज्यादा प्यार दिया है और किसे कम, लेकिन उससे पहले यूपी की योगी सरकार ने जनता को बड़ा झटका देते हुए बसों का किराया बढ़ा दिया है. अभी चुनाव के परिणाम भी नहीं आए कि जनता के कांधे पर बोझ डाल दिया गया है।
अखिलेश ने दिया ये बड़ा बयान सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने काउंटिंग से पहले लखनऊ में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कहा-चुनाव के दौरान कहीं भी ऐसा नहीं दिखा कि भाजपा के समर्थन में लोग आए। उनके टेंट और मैदान खाली थे। लेकिन, एग्जिट पोल में 300 पार सीटें। एग्जिट पोल करने वाली संस्थाएं भाजपा के लिए बूथ मैनेजमेंट का भी काम करती हैं। भाजपा विपक्ष को डरा रही है। लेकिन इस बार जनता तैयार है। जनता गांधी को याद करते हुए करो या मरो की तरह आंदोलित हो गई है। अखिलेश ने कहा- सेंसेक्स-निफ्टी का रिकॉर्ड ऊंचाई पर इसलिए पहुंचा,क्योंकि भाजपा वाले लाभ कमाने की कोशिश कर रहे हैं। अमूल ने आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए दूध की कीमत में 2 रुपए की वृद्धि की है। उन्होंने अपने लोगों को लाभ कमाने में मदद करने के लिए कीमतें बढ़ाई हैं। ऐसी संभावना है कि वे धीमी गति से गिनती करेंगे और रात में बिजली कटौती करेंगे।



## ताज एक्सप्रेस की दो बोगियों में आग लगी

**नई दिल्ली,03 जून 2024 (ए)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक बड़ा रेल हादसा हुआ। इसमें बड़ी संख्या में लोग बाल-बाल बच गए। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को दिल्ली के सरिता विहार में ताज एक्सप्रेस ट्रेन के चार डिब्बों में आग लग गई। हादसा तुगलकाबाद-ओखला के बीच हुआ। ताज एक्सप्रेस के दो डिब्बों में भीषण आग लग गई। सीपीआरओ, उत्तर रेल ने बताया कि इस हादसे में कोई जन हानि नहीं हुई। सभी यात्री सुरक्षित हैं।



# अमूल के बाद मदर डेयरी ने भी बढ़ाए दूध के दाम

**नई दिल्ली,03 जून 2024(ए)।** अमूल ने दूध की कीमतों में दो रुपए प्रति लीटर का इजाफा किया। यह नई कीमत 3 जून से देशभर में लागू हो गई है। अमूल के इस फैसले के ठीक अगले दिन सोमवार को मदर डेयरी ने भी दूध का रेट बढ़ा दिया है। हालांकि कीमत में इजाफा केवल दिल्ली- एनसीआर के लिए किया गया है। अमूल की तरह मदर डेयरी ने भी कीमत में दो रुपए का इजाफा किया है। मदर डेयरी ने बताया कि वह 3 जून, 2024 से सभी ऑपरेटिंग बाजारों में अपने तरल दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर रही है।
दिल्ली-एनसीआर में मदर डेयरी का फुल क्रीम दूध अब 68 रुपए प्रति लीटर में मिलेगा। टोन्ड मिल्क की कीमत 56 रुपए प्रति लीटर होगी। वहीं डबल-टोन्ड दूध 50 प्रति लीटर की रेट पर मिलेगा। भैंस का दूध 72 रुपए प्रति लीटर और गाय का दूध 58 रुपए प्रति लीटर मिलेगा। सभी तरह के दूध की कीमतों में दो-दो रुपए का इजाफा किया गया है। मदर डेयरी ने यह फैसला लोकसभा चुनाव के नतीजों के ठीक एक दिन पहले लिया है। मदर डेयरी ने टोकन मिल्क का रेट भी बढ़ा दिया है।




# सोते मजदूर के मुंह पर पेशाब कर जगाया,युवक पहुंचा जेल

**लखनऊ,03 जून 2024(ए)।** राजधानी लखनऊ में अब पेशाब कांड हुआ है। यहां मैदान में सो रहे एक लेबर के चेहरे पर एक युवक ने घिनौनी हरकत की है। इसका वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर डाल तो देखते ही देखते वायरल हो गया। विरोध करने पर बुरी तरह मारापीटा और जान से मारने की धमकी भी दी गई। इसके बाद लेबर की पत्नी ने पुलिस से शिकायत की। वीडियो वायरल होने और शिकायत मिलते ही पुलिस एक्शन में आ गई। पेशाब करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि शराब के नशे में वारदात को अंजाम दिया गया है। लेबर पर सोते समय पेशाब करने का वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसके बाद सोशल मीडिया पर लोगों में आक्रोश देखा गया। लोगों ने आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की पुलिस से मांग की। वीडियो में पेशाब कर रहा व्यक्ति हंसते हुए भी देखा गया। एक अन्य व्यक्ति भी वहां मूकदर्शक बनकर खड़ा दिखाई दे रहा है। पूर्वी क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त दुर्गेश कुमार ने कहा कि पुलिस ने इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा कि दुबग्गा पुलिस को पीड़ित की पत्नी से शिकायत मिली है। घटना रविवार दोपहर को दुबग्गा पुलिस थाना क्षेत्र के चोंदिया खेड़ा में हुई। डीसीपी ने बताया कि गांव में सब्जी मंडी के पास एक खुली सरकारी जमीन का के पास का यह वीडियो है। इसमें दिख रहे दोनों व्यक्ति अजय कुमार रावत और संजीव उर्फ संजय मौर्य,जो दिहाड़ी मजदूर हैं, काम कर रहे थे। सभी युवक एक ही गांव के रहने वाले हैं। रविवार दोपहर दोनों अपना काम खत्म करते करने के बाद शराब पीते हैं। बताया कि जब रावत सो गए तो मौर्य ने रावत के चेहरे पर पेशाब कर दिया। दुबग्गा के थाना प्रभारी अभिनव कुमार वर्मा के अनुसार अत्यधिक शराब के नशे में वारदात को अंजाम दिया गया है। इसके पीछे कोई अन्य मकसद नहीं है।



# दिल्ली जल संकट पर सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

» यमुना रिवर बोर्ड इमरजेंसी मीटिंग करे,दिल्ली-हरियाणा और हिमाचल सरकारें शामिल हों...

**नई दिल्ली,03 जून 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (3 जून) को दिल्ली जल संकट को लेकर सुनवाई की। कोर्ट ने अपर यमुना रिवर बोर्ड को 5 जून को इमरजेंसी मीटिंग बुलाने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस पी के मिश्रा और जस्टिस केवी विश्वनाथन की वेकेशन बेंच ने कहा कि केंद्र, दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश की सरकार इसके लिए सहमत हैं।
दरअसल, दिल्ली सरकार ने जल सकंट पर 31 मई को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश को दिल्ली को एक महीने तक एक्स्ट्रा पानी छोड़ने का निर्देश देने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कहा कि सभी राज्य इस बात पर सहमत हुए कि दिल्ली के नागरिकों के सामने पानी की कमी की समस्या को लेकर आपस में टकराव नहीं करेंगे। दिल्ली की समस्या का समाधान किया जाएगा।इस मामले पर 6 जून को अब अगली सुनवाई होगी, जिसमें यमुना रिवर बोर्ड की बैठक में दिल्ली जल संकट को दूर करने के लिए राज्यों के सुझावों को कोर्ट के सामने रखा जाएगा।



संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

घटती घटना

लेख एवं विचार अभिव्यक्ति

अम्बिकापुर ,मंगलवार 04 जून 2024



## संपादकीय

### एसबीआई चेयरमैन का साक्षात्कार आश्चर्यजनक रूप से स्थगित,इंतजार जारी

वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो ने एक आश्चर्यजनक मोड़ लेते हुए भारतीय स्टेट बैंक के अगले चेयरमैन के चयन के लिए बहुप्रतीक्षित साक्षात्कार को स्थगित कर दिया। साक्षात्कार शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही अंतिम समय में यह निर्णय लिया गया, जिससे कई लोग आश्चर्यचकित हो गए। सरकारी बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लिए निदेशकों की खोज करने के लिए जिम्मेदार एफएसआईबी को चेयरमैन पद के लिए दिनेश खारा की जगह लेने के लिए उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेना था, जो 28 अगस्त को 63 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

इस प्रक्रिया में आम तौर पर एसबीआई के मौजूदा प्रबंध निदेशकों में से चयन करना शामिल होता है। एफएसआईबी एक उम्मीदवार की सिफारिश करता है, जिसकी अंतिम नियुक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा की जाती है। यह बहुत संभव है कि चल रहे आम चुनावों के कारण साक्षात्कार स्थगित कर दिए गए हों और नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद होंगे। एफएसआईबी का नेतृत्व कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के पूर्व सचिव भानु प्रताप शर्मा करते हैं और चयन पैनल में वित्तीय सेवा सचिव, सार्वजनिक उद्यम विभाग के सचिव और एसबीआई के डिप्टी गवर्नर शामिल हैं। अन्य सदस्यों में ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष और एमडी अनिमेष चौहान, आरबीआई के पूर्व कार्यकारी निदेशक दीपक सिंघल और आईएनजी वैश्य बैंक के पूर्व एमडी शैलेंद्र भंडारी शामिल हैं। इंतजार जारी है।

# अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के विधान सभा चुनाव परिणाम ने क्या संदेश दिया है ?

**» सिक्किम की बात करें तो यहां जब हमने लोगों से बातचीत की थी तो लोगों ने साफ कर दिया था कि हमें भाजपा या कांग्रेस से कोई नाराजगी नहीं है लेकिन हम चाहते हैं कि यहां की सरकार कोई क्षेत्रीय दल ही संभाले...**

पूर्वोत्तर के दो राज्यों-अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के विधानसभा चुनाव परिणाम सामने आ गये हैं। दोनों ही राज्यों में जनता ने वर्तमान सरकार को ही दोबारा सेवा का अवसर दिया है। हालांकि यह दोनों परिणाम बहुत बड़े संदेश भी देकर गये हैं। पहला संदेश यह है कि भाजपा ने पूर्वोत्तर में अपनी जड़ें गहरें तक जमा ली हैं। दूसरा संदेश यह है कि कांग्रेस यहां खत्म हो चुकी है। तीसरा संदेश यह है कि क्षेत्रीय दल पूर्वोत्तर में व्यापक जनाधार रखते हैं।

अरुणाचल प्रदेश में प्रभासाक्षी की चुनाव यात्रा के दौरान हमने देखा था कि वहां की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अटूट विश्वास रखती है। लोगों ने हमसे बातचीत में कहा था कि जिस तरह पिछले दस सालों में अरुणाचल प्रदेश को विकास की तमाम सौगातें मिली हैं, जिस तरह यहां सड़क संपर्क को लेकर तेजी से काम हुआ है। और सुदूर इलाकों तथा देश के अंतिम गांवों में भी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया गया है। उसके चलते प्रदेश की जनता भाजपा के साथ खड़ी है। इसके अलावा भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में जिस तरह युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए तमाम तरह के वादे किये थे। और इस राज्य में पर्यटन को नये पंख देने के लिए जो रूपरेखा जनता के बीच रखी थी उसका भी प्रभाव चुनावों में देखने को मिल रहा था। यहां भाजपा की लोकप्रियता का आलम यह था कि चुनावों की घोषणा के साथ ही पार्टी ने 10 सीटों पर निर्विरोध जीत हासिल कर ली थी। चुनावों के दौरान ईटानगर में भाजपा के मुख्यालय से लेकर जिलों के कार्यालयों तक में हमें जहां गहमागहमी देखने को मिली वहीं कांग्रेस के दफ्तरों में सन्नाटा पसरा हुआ था। हमने पाया था कि अरुणाचल में मुख्यमंत्री पेमा खांडू की लोकप्रियता भी काफी थी और उनके कामकाज को लोग पसंद करते हैं। यहां चुनावों के दौरान भाजपा ने कांग्रेस मुक्त अरुणाचल के नाम से जो अभियान चलाया था उसको भी काफी सफलता मिली थी क्योंकि जहां-जहां से यह यात्रा गुजरती थी वहां-वहां के कांग्रेसी नेता या कार्यकर्ता भाजपा का दामन थाम रहे थे।



कांग्रेस को अरुणाचल प्रदेश में जो एक विधानसभा सीट मिली है वह दर्शा रही है कि पार्टी यहां खत्म हो चुकी है। यह स्थिति तब है जब हाल ही में अपनी भारत जोड़ो यात्रा लेकर राहुल गांधी ईटानगर पहुँचे थे और भाजपा पर तमाम प्रहार किये थे। वहीं सिक्किम की बात करें तो यहां जब हमने लोगों से बातचीत की थी तो लोगों ने साफ कर दिया था कि हमें भाजपा या कांग्रेस से कोई नाराजगी नहीं है लेकिन हम चाहते हैं कि यहां की सरकार कोई क्षेत्रीय दल ही संभाले। लोगों ने कहा था कि यदि भाजपा या कांग्रेस यहां सत्ता में आ गयीं तो वह हमारे खूबसूरत राज्य को शिमला, दार्जिलिंग जैसा भीड़भाड़ वाला इलाका बना देंगी। लोगों ने कहा कि भाजपा या कांग्रेस के यहां सत्ता में आने पर दिल्ली के लोग आकर गंगटोक में होटल ही होटल बना देंगे और यहां आने वाली गाड़ियों की संख्या बढ़ने पर हमारा राज्य भी वायु प्रदूषण की समस्या झेलने लगेगा। लोगों ने कहा था कि इस शांत राज्य की क्या जरूरतें हैं इस बात को क्षेत्रीय दल भलीभांति समझते हैं इसलिए हम उनको ही वोट देंगे। लोगों ने कहा कि 25 साल तक हमने पवन कुमार चामलिंग को मौका दिया और अब युवा मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग अच्छा काम कर रहे हैं तो उन्हें ही अवसर देना चाहिए। लोगों ने यह भी कहा था कि भाजपा या कांग्रेस की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री दिल्ली के निर्देश पर काम करेगा लेकिन क्षेत्रीय दल का मुख्यमंत्री बनने पर वह यहां की जनता के हिसाब से काम करेगा।

बहरहाल, यह दोनों चुनाव परिणाम दर्शा रहे हैं कि स्थानीय जनता विकास को और अपने राज्य की तरक्की को तवज्जो देती है। साथ ही दोनों राज्य की जनता ने खिचड़ी सरकार बनाने से परहेज कर स्पष्ट और प्रचंड बहुमत वाली सरकार बनाकर अपनी विद्वता का भी परिचय दिया है।

**-नीरज कुमार दुबे-**

## देश अस्थिरता के दौर में वापस नहीं लौटना चाहता

ओपिनियन पोल के मुकाबले एग्जिट पोल हमेशा नतीजों के नजदीक साबित हुए है। पिछले दो लोकसभा चुनावों के एग्जिट पोल इसके गवाह हैं। लगभग सभी न्यूज चैनलों के एग्जिट पोल एक ही दिशा दिखा रहे हैं कि विपक्षी दलों की ओर से मिलकर इंडी एलायंस बनाए जाने के बावजूद विपक्ष को कोई फायदा नहीं हुआ। किसी भी एग्जिट पोल ने एनडीए को 325 सीटों से कम नहीं दिखाया है, किसी भी चैनल के एग्जिट पोल ने भाजपा को बहुमत के लिए वांछित 272 सीटों से कम नहीं बताया है। बहुत सारे एग्जिट पोल ऐसे भी हैं, जिन्होंने भले ही भाजपा को 370 के आसपास या एनडीए को 400 के आसपास नहीं दिखाया, लेकिन पिछली बार के एनडीए के आंकड़े 353 से ज्यादा दिखाया है। इसका मतलब यह है कि मोदी सरकार के पक्ष में एंटी इनकम्बेंसी नहीं थी, बल्कि प्रो-इनकम्बेंसी थी।मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने एग्जिट पोल से ठीक पहले फैसला किया था कि उनका कोई प्रवक्ता किसी चैनल पर एग्जिट पोल के समय मौजूद नहीं रहेगा। इसका मतलब यह था कि कांग्रेस का खुद का फीडबैक कोई ज्यादा उत्साहवर्धक नहीं था। अगर उनका फीडबैक उत्साहवर्धक होता, तो कांग्रेस ऐसा फैसला नहीं करती, लेकिन इंडी एलायंस की बैठक में यह निर्णय बदला गया और शाम को एग्जिट पोल के समय न्यूज चैनलों पर कांग्रेस के प्रतिनिधि मौजूद थे। अगर एग्जिट पोल के नतीजे ही असल नतीजों में परिवर्तित हो जाते हैं, तो भारतीय राजनीति के लिए सबसे बड़ा संदेश है कि देश 1989-2014 की अस्थिरता से बाहर निकल चुका है। इन पच्चीस सालों में देश ने मजबूरी वाली गठबंधन की सरकारें देखी है, जिसमें सरकारें अपना बहुमत बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय दलों के साथ तरह तरह के समझौते किया करती थी। देश की जनता अब खिचड़ी सरकार किसी हालत में नहीं चाहती। इस बीच 1991 में जब कांग्रेस बहुमत के काफी नजदीक थी,उस दौरान भी नरसिंह राव सरकार को कई तरह के समझौते करते पड़े थे। उन्हीं के समय झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसदों और जनता दल के सांसदों की खरीद फरोख्त का कांड हुआ था।

इसी तरह 2004 से 2014 के बीच सबसे ज्यादा घोटाले हुए, जिसे तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने यह कह कर नजरअंदाज करने की कोशिश की कि गठबंधन में कुछ समझौते करने पड़ते हैं। मनमोहन सरकार ने समझौता तो यहाँ तक किया था कि भ्रष्टाचार में सजा याफ्ता लालू प्रसाद यादव की लोकसभा सदस्यता बचाने के लिए अध्यादेश भी पास कर दिया था। राहुल गांधी ने उस अध्यादेश को फाड़ कर जो हिम्मत दिखाई थी, अगर वह बाद में भी अपने उसी भ्रष्टाचार विरोधी स्टैंड पर कायम रहते और मनमोहन सिंह को हटाकर किसी अन्य को प्रधानमंत्री बना लिया होता, तो कांग्रेस की ये दिन नहीं देखने पड़ते। राहुल गांधी ने जो स्टैंड अध्यादेश की प्रति फाड़ कर लिया था, उसे राजनीतिक हलकों में भले ही पसंद न किया गया हो,लेकिन जनता के बीच उन्होंने अपनी छाप छोड़ी थी। कांग्रेस ने जिस तरह नरसिंह राव को किनारे कर दिया था, अगर उसी तरह मनमोहन सिंह को भी किनारे कर दिया होता, तो कांग्रेस की इतनी बुरी दशा नहीं होती।अगर एग्जिट पोल के नतीजे ही 4 जून को नतीजों में परिवर्तित होते हैं या उसके आसपास भी रहते हैं, तो कांग्रेस लगातार 15 सालों तक सत्ता से बाहर रहने वाली और सौ से कम सीटों वाली पार्टी बन जाएगी। कांग्रेस ने पिछले दस सालों में चिन्तन मंथन की कोशिश ही नहीं की कि वह भारतीय मतदाताओं की पसंद की पार्टी क्यों नहीं रही। नरेंद्र मोदी जो कुछ कहते रहे हैं, अगर कांग्रेस उसी सूत्र को पकड़ कर चिन्तन मंथन करती, तो खुद में सुधार कर सकती थी नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर तीन आरोप लगाए हैं। पहला-भ्रष्टाचार,दूसरा-मुस्लिम परस्ती और तीसरा-परिवारवाद। कांग्रेस जब तक खुद पर चिपके इन तीनों दागों को धो नहीं देती, और पिछली गलतियों के लिए माफी नहीं मांगती, तब तक उसके उभरने के कोई चांस दिखाई नहीं देते।जब तक कांग्रेस मजबूत नहीं होगी,नरेंद्र मोदी और भाजपा को कोई खतरा नहीं है।

जनता तभी मोदी के विकल्प के बारे में सोचेगी, जब उसे कांग्रेस भारत को समृद्ध बनाने के लिए उचित नीतियों के साथ विकल्प के रूप में दिखाई देगी।

**-अजय सेतिया-**

## एक्जिट पोल का एजेक्ट

सर, पाँचों राज्यों के चुनाव संपन्न होने के बाद हर न्यूज़ चैनल वाले एक्जिट पोल के लिए सर्वे कराना शुरू कर चुके



**डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा**
रायपुर,
छत्तीसगढ़

हैं पर आपने अब तक हमें सर्वे करने का आदेश नहीं दिए हैं ऊपर से एक्जिट पोल पर डिबेट,चर्चा,परिचर्चा,बहस और पंचायती करने के लिए राजनीतिक विश्लेषकों और राजनेताओं से अपॉइंटमेंट लेने के लिए कह रहे हैं ? जब हम सर्वे ही नहीं करेंगे तो किस आधार पर ये हो पाएगा सर ? जनरल मैनेजर ने मैनेजिंग डायरेक्टर से पूछा। मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा,आपके मुताबिक़ ही बाकी सब न्यूज़ चैनल वाले सर्वे कर ही रहे हैं, तो फिर हमें भी वही काम करने के जरुरत ही क्या है? मतलब,मैं कुछ समझा नहीं सर? जनरल मैनेजर ने आश्चर्य से पूछा।इसमें ना समझने वाली बात ही




क्या है? एक्जिट पोल है क्या? बस एक शिगूफा ? उसके लिए ज्यादा माथा-पच्ची या सर्वे का ढोंग कर लाखों रुपए फूँकने की कोई जरुरत नहीं है। वैसे भी ये एक्जिट पोल सटीक हो या नहीं, क्या फर्क पड़ता है ? अब तक के रुझान से तो हम ऐसे ही आकलन कर सकते हैं। और हाँ, हमारा एक्जिट पोल एकतरफा बिलकुल नहीं होगा बल्कि वह ऐसा होगा कि किसी भी पार्टी को ये न लगे कि वह सत्ता की दौड़ से बाहर है। यदि हम ऐसी सतर्कता ना बरतें और अंतिम परिणाम हमारे एक्जिट पोल के विपरीत आ जाए,तो तुम समझ सकते हो न कि सत्ताधारी दल हमें विज्ञापन के लिए तरसा देंगे। मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा। जी सर। मैं अंतिम चरण के चुनाव समाप्त होने से एक घंटे पहले एक ऐसा ही काल्पनिक एक्जिट पोल आपके सामने रखूँगा, जिसके आधार पर हम अपने चैनल पर सनसनीखेज ख़बरें फैलाना शुरू कर देंगे।हेरी गुड। तो अब आप लग जाइए, अपने मिशन एक्जिट पोल पर। मैनेजिंग डायरेक्टर ने मुस्कुराते हुए कहा।

# पर्यावरण के प्रति मानवीय सजगता और अर्थ तंत्र को मजबूत करने की कवायत

पर्यावरण संतुलन से आर्थिक, सामाजिक विकास की अवधारणा की भारत जैसे विकासशील देश को नितांत



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी,
रायपुर छत्तीसगढ़

आवश्यकता है। जहां देश के वार्षिक बजट का बड़ा हिस्सा पर्यावरण प्रदूषण को दूर करने एवं पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने हेतु खर्च किया जाता है। अपने देश में दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषित शहर है। इसके बाद अनेक राज्यों की राजधानियां भी प्रदूषण में एक दूसरे को टक्कर दे रही हैं।

दिल्ली मे तो प्रदूषण बेचारा केंद्र और राज्य की राजनीति का शिकार हो गया है ,दिल्ली प्रशासन और केंद्र शासन एक दूसरे पर पर्यावरण तथा यमुना नदी के प्रदूषण पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं पर प्रदूषण कम करने के उपाय ऊपर हाथ में हाथ धरे बैठे हैं ।अमूमन यही स्थिति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी है।

वर्तमान में वृहद चिंतन की आवश्यकता है कि पर्यावरण संतुलन से आर्थिक,सामाजिक विकास की अवधारणा है कैसे जन्म लेंगी? उसमें गहन चिंतन विभिन्न मानव प्रजातियों के आर्थिक तथा पर्यावरण संतुलन को लेकर भी है। इस विषय पर एक खुली बहस की आवश्यकता है। खुली बहस इसलिए भी कि मनुष्य के जीवन के लिए जितना आवश्यक पर्यावरण संतुलन है उतना ही आवश्यक उसका आर्थिक विकास भी है। अब ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे को देखकर पर्यावरण संतुलन को आर्थिक विकास के साथ जोड़ा जाना अत्यंत महत्वपूर्ण एवं मानवीय जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। बढ़ते असमान आर्थिक विकास तथा उपभोक्तावादी प्रकृति ने जहां सामाजिक विभेद की दरार को चौड़ा कर दिया है वही विश्व स्तर पर विस्तारवाद तथा उपनिवेशवाद को बढ़ावा भी मिला है। राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भेदभाव के इस बड़े स्तर को आर्थिक विकास तथा पर्यावरण संतुलन को प्राथमिकता देना नदी के दो अलग किनारों को जोड़ने जैसा ही है। विकास की दौड़ में जहां मनुष्य जीवन के इस व्यस्तता में थककर वापस प्रकृति की ओर उन्मुख होना चाहता है। शहरी मनुष्य प्रकृति की शीतलता, हरियाली और खुली स्वच्छंद हवा में सांस लेने के लिए उत्सुक है



और कल्पना करता है कि गांव में जीवन कितना सुमधुर और स्वच्छंद आनंदमई है, इसकी दूसरी तरफ ग्रामीण जंगली इलाकों के रहने वाले लोग कल्पना करते हैं कि शहर में कितनी सुविधाएं हैं जो जीवन जीने को एकदम सरल एवं आसान बनाती है। यह द्विपक्षीय लालसा शहर में रहने वाले और ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के बीच बराबर की है, हमें इनके आपसी संतुलन को बनाए रखना और आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संतुलन को भी बढ़ते सोपान के साथ बढ़ावा देना है। यूरोपीय देशों में कई देशों ने इसके उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जहां आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। इसके लिए हमें उपभोक्तावादी संस्कृति को नियंत्रित कर नागरिकों को पर्यावरण के संतुलन के प्रति जागरूक करना होगा। टेक्नोलॉजी के स्तर पर पर्यावरण अनुकूल साधनों का ऊर्जा स्रोत ग्रीन तकनीक, हरित भवन, कार्बन न्यूट्रल वाहनों की तरफ उनके नियंत्रण पर हमें ध्यान देने की आवश्यकता होगी। वहीं दूसरी तरफ आदिवासियों पर ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को आधुनिक विज्ञान से देसी ज्ञान के साथ शिक्षित भी करने की आवश्यकता होगीद्य पर्यावरण किसी भी परियोजना को स्थापित करने के पूर्व पर्यावरण आकलन करने की आवश्यकता है ही इसके साथ ही समाज में पड़ने वाले प्रभाव को देखने के लिए सामाजिक प्रभाव आकलन को भी मूर्त रूप देना होगा। इस संतुलन को बनाने हेतु भविष्य की नीति बनाने की आवश्यकता होगी साथ ही हमको यह भी समझना होगा कि पर्वतों को मिटाने से नदियों को बांधने व जंगलों को काटने से विकास संभव नहीं है। पर्यावरण संतुलन और विकास को केवल आर्थिक विकास की श्रेणी में न रखकर समग्र रूप से सामाजिक, पर्यावरणीय संस्कृति के नैतिक रूप से समझने की आवश्यकता होगी। इस पर्यावरण तथा आर्थिक संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें सर्वहारा वर्ग के हर व्यक्ति के लिए जीत सुनिश्चित करनी होगी जिसमें किसी को नुकसान ना हो एवं आम व्यक्ति पीछे ना रह जाए। यह अवधारणा यदि किसी भी समाज देश में व्याप्त होगी तभी आर्थिक विकास का पर्यावरण के साथ संतुलन स्थापित हो सकता है।

इस संदर्भ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी कहा है प्रकृति हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिए है व्यक्ति की लालच को पूरा करने के लिए नहीं निर्दोष, निर्मल प्रकृति के दोहन के साथ ही मनुष्य के समाज ने अत्यधिक शोषण किया है।

प्रकृति के विनाश के साथ आर्थिक विकास लंबे समय तक नहीं चल सकता है। यह बात जितने जल्दी मनुष्य को, देश और पूरे विश्व समुदाय को जितनी जल्दी समझ में आ जाए उतना ही आर्थिक तथा पर्यावरण के संतुलन के विकास के लिए शुभ संकेत होंगे। आर्थिक विकास के वर्तमान संदर्भ को देखें तो यह बात बड़ी विचित्र किंतु सत्य प्रतीत होती है कि जब एक समुदाय को कुर्बान करने के लिए दूसरे समुदाय को लाभ पहुंचाया जाता है आर्थिक विकास के लिए योजनाएं कहीं बनती हैं, विस्थापित लोग कहीं और होते हैं और बिजली और अन्य सुविधाएं किसी अन्य जगह से आती है, जिसके परिणाम स्वरूप आर्थिक और पर्यावरण के संतुलन में अनेक विसंगतियां जन्म लेती हैं, और इससे सामाजिक आर्थिक संतुलन भी बिगड़ने की संभावना बलवती होती है। मनुष्य की स्पृहा, कामना और लालच के सामने प्रकृति भी निरुत्तर होती दिखाई दे रही है। प्रकृति के समर्पण में जो विसंगतियां और दुष्प्रभाव हमारे सामने आ रहे हैं उनमें जल प्रदूषण,वायु प्रदूषण, बढ़ते ओजोन छिद,बढ़ता जलवायु परिवर्तन, पिघलते ग्लेशियर तथा बढ़ता समुद्री जल हम सबके लिए नई समस्याओं को जन्म देने का काम कर रहे हैंद्य आपको ऐसा नहीं लगता कि हमारे प्रकृति विरोधी कर्मों से हमारे जीवन का अस्तित्व ही खतरे में आने लगा है। इसी तरह के अनेक आसन में खतरों से निपटने के लिए आर्थिक विकास के नए मॉडलों को पर्यावरण के संतुलन के साथ जोड़ने का विकल्प हम सबके लिए एक जीवन उपयोगी मार्ग बनता नजर आ रहा है। प्रकृति के असंतुलन दोहन का सर्वोत्तम उदाहरण यूरोप के विकसित देश है जिनकी पर्यावरण असंतुलन के प्रति उदासीनता की भयावह कीमत विकासशील तथा समुद्री क्षेत्रों में सीमावर्ती तथा अल्प विकसित देशों को चुकानी पड़ रही है। हमें वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास को पर्यावरण संतुलन बनाने की दिशा में सामूहिक रूप से कारगर उपाय खोज कर संपूर्ण विश्व को ग्लोबल वार्मिंग और इसके गहरे परिणामों से सुरक्षित रखना होगा, विशेषकर उन अल्प विकसित एवं विकासशील राष्ट्रों को जिनकी जनसंख्या अग्रणी देशों में गिनी जाती है. पर्यावरण संतुलन तथा आर्थिक विकास के ढांचे को विकसित करने के लिए पर्याप्त आर्थिक संसाधन उपलब्ध नहीं है।

## बहुत कठिन है सत्यवादी हरिश्चन्द्र बनना





रवींद्र कुमार शर्मा
घुमारवीं
बिलासपुर
हिमाचल प्रदेश

भारत के लोग दुनियां में
नहीं है किसी से कम
उनका मुकाबला नहीं आसान
बहुत है उनमें दम
जुगाड़ करने में नहीं इनका कोई
सानी
जुगाड़ देख कर अमेरिका को भी
याद आती है नानी
भ्रष्टाचार से निपटने को ईडी
सीबीआई हैं बनाये
पर इनपर चलती है सत्ता पक्ष की
मनमानी
छोटी मोटी घूस तो सभी हैं खाते
मोटा माल तो राजनीतिक दल हैं
उड़ा जाते
बड़े बड़े लोग जब कोई बड़ा
काम हैं करवाते
तो बांड ख़रीदकर सत्तापक्ष को
खुश हैं कर आते
एक नया तरीका
निकाला घूस खाने का
नकद न देकर
बांड में पैसा लगाने का
कोई कितना भी
ज़लील कर ले बेशक
सबके सामने नकली
मुस्कुराहट दिखाने का
भ्रष्टाचार का पेड़ हो गया है
बहुत पुराना
अपने आप को
दूध का धुला है बताना
ईमानदारी की कमाई
तो बांड में नहीं जाएगी
बांड में जो लगाया
उससे हज़ार गुना है कमाना
यदि वास्तव में
चाहते हो भ्रष्टाचार मिटाना
ईमानदारी से लड़ो चुनाव
ईमानदारी का खाओ खाना
हर हाथ को मिल जाये काम
और दो वक्त की रोटी
छोड़ दो वोटों की खातिर
फ्री का बांटना खाना खिलाना
यदि लें संकल्प सभी
कि भ्रष्टाचार है मिटाना
तो अपने अंदर के राम को
पड़ेगा जगाना
बहुत कठिन है
सत्यवादी हरिश्चन्द्र बनना
जो चल रहा है
उसी से पड़ेगा काम चलाना

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना




## बचपन और साइकिल...



**व्यग्र पाण्डे,**
गंगापुर सिटी
राजस्थान

बचपन और साइकिल का
संबंध रहा बहुत प्यारा
टूटी साइकिल की सवारी का
अंदाज बहुत ही था न्यारा ।
गिरते पड़ते सीखे साइकिल
छिल जाते थे लग जाती थी
खुद को संवार फिर हो सवार
इस प्रकार चलाना आ जाती थी।
ये एक की नहीं सब बच्चों की
बचपन की राम कहानी है
साइकिल एक साथी कितने
स्मृति मधुर बखानी है ।

## राऊत



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

सुकवा पहाती जागे,
लऊठी ला धर भागे,
बिहना ले कोठा बारी,
झटकुन जाय जी।
दुहनी मा दूध दूहै,
चुरूक-चुरूक चूहै,
ओला देख बछरू हा,
बड़ मेछराय जी।।
मुड़ मा पागा ला बांध,
गमछा ला रखे खांध,
सुरहीन गइया ला, रोज के चराय जी।
मंझन राहय बेरा, बन मा लगाये फेरा,
रूख तरी बइठ के,
बड़ सुरताय जी।।
सब के आशीष मिलै,
करम ऊँखर खिलै,
गाय गरू सेवा कर,
पुन ला कमाय जी।
रात दिन काम करे,परिवार पेट भरे,
गाँव-गाँव इही मन,
राऊत कहाय जी।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK








# शहर के चौपाटी के पास स्पोर्ट्स सेंटर व होटल में लगी भीषण आग,5 करोड़ से अधिक का नुकसान

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,03 जून 2024 (घटती-घटना)।**

शहर आकाशवाणी चौक के समीप सोमवार की सुबह करीब 9.30 बजे स्पोर्ट्स सेंटर व राधे-कृष्णा होटल में भीषण आग लग गई। स्पोर्ट्स सेंटर व होटल दो सगे भाई संजय सिंह व प्रमोद ड्क्षसह द्वारा संचालन किया जाता है। आगजनी में लगभग 5 करोड़ से ज्यादा का नुकसान बताया जा रहा है। आग पांचवें मंजिल तक पहुंच चुका था। जिससे स्पोर्ट्स का पूरा सामान व होटल का सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। वहीं होटल व स्पोर्ट्स सेंटर भवन भी आग के कारण बर्बाद हो गया है। आगजनी का कारण स्पोर्ट्स सेंटर के बाहर विद्युत खंभे में शॉट सर्किट से होना बताया जा रहा है। घटनास्थल के बाहर विद्युत खंभे में हुए शॉट सर्किट के कारण आग स्पोर्ट्स दुकान में पकड़ ली जो देखते ही देखते आग विकराल रूप ले लिया। स्पोर्ट सेंटर व होटल के पांचवीं मंजल तक आग फैल गई। स्पोर्ट्स सेंटर का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। आगजनी में 5 करोड़ से अधिक का नुकसान पहुंचने की उम्मीद है। क्यों के सामान के साथ -साथ दोनों भवन भी पूरी तरह जल चुके हैं। आग बुझाने में फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ व जिला पुलिस बल की टीम लगी रही। आग बुझाने में 10 घंटे के अधिक समय लगने के बाद भी पूरी तरह नहीं बुझ पाई थी। अंदर से धुआं निकल ही रहा था। इस दौरान आग बुझाने में टीम को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। शुरूआती में फायर ब्रिगेड की टीम ने दमकल वाहन से आग बुझाने की कोशिश की गई पर दमकल वाहन में पानी का फोर्स ज्यादा नहीं होने के कारण चौथे व पांचवें मंजित तक नहीं पहुंच सका। इस स्थिति में आग और तेजी से फैलना शुरू हो गया था। आग काफी तेजी से फैलाता देख जिला प्रशासन द्वारा तत्काल दरिमा एयरपोर्ट से दमकल वाहन मंगाया गया। इसके अलावा सूरजपुर से दो गाडियां,पुलिस विभगा का वाटर कैनन, दमकल विभाग की चार गाडियों से आग बुझाया गया।



आगजनी के दौरान स्पोर्ट्स सेंटर के संचालक संजय सिंह होटल के अंदर ही थे। आग लगने की जानकारी हुई तो वह सबसे पहले होटल के ऊपर मंजील पर सो रहे दो कर्मचारियों को तत्काल बाहर निकाला। वहीं होटल में 10-12 लोग रूके थे जो सुबह 5 बजे चेकआऊट हो चुके थे। इस लिए होटल में कोई नहीं था। इसके बाद आग विकराल रूप ले लिया। संजय सिंह ब्याकुल होकर पुनः होटल के अंदर घुस गए। जिन्हें स्थानीय लोगों ने पकडक़र बाहर निकाला। इस दौरान उनका चेहरा हल्का झुलस गया है। स्पोर्ट्स सेंटर व राधा कृष्ण होटाल दोनों एक ही लोकेशन का है। दोनों पांचवें मंजिल तक संचालित है। दोनों 75 फिट एरिया में निर्मित है। होटल व स्पोर्ट्स सेंटर में कहीं पर वेंटिलेशन नहीं दिया गया है। इसलिए आग बुझाने में भी काफी राहत कर्मियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। 75 फिट लंबे भवन में पानी का फोर्स पहुंच पाना मुश्किल हो रहा था। इस स्थिति में फायर व एसडीआरएफ के टीम ने होटल व स्पोर्ट्स सेंटर के सामने व पीछे से आग बुझाने का कार्य किया गया। आग पीछे तक फैल गया था। गनिमत रही की आस पास के दूसरे मकानों में आग फैलने से पहले ही टीम द्वारा काबू पा लिया गया। आग बुझाने में 10 घंटे से अधिक का समय लगा। इस दौरान राहत कर्मियों को आग बुझाने के लिए बीच में कई जगह दीवार भी तोडऩा पड़ा। संभागीय कमांडेंट फायर ब्रिगेड राजेश पांडेय ने बताया कि आग बुझाने में फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ व जिला पुलिस बल के लगभग 100 जवान लगाए गए थे। इस दौरान मौके पर अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, भाजपा सांसद प्रत्याशी चिंतामणि महाराज, एसपी विजय अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## आस|पास के घरों को करा दिया गया था खाली

आगजनी की घटना सुबह करीब 9.30 बजे की है। प्रारंभिक में स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की पर स्पोर्ट्स सेंटर व होटल में फाल्ससिलिंग होने के कारण सनमाइका में आग काफी तेजी से पकड़ लिया। इसके बाद आग स्पोर्ट्स सेंटर में रखे सामान में पकड़ लिया। इससे आग काफी विकराल रूप ले लिया। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल आस पास के घरों को विद्युत कनेक्शन काट कर घरों को खाली करा दिया। इस दौरान लोगों ने गैस सिलेंडर को बाहर निकाल दिया था। आग इतनी भीषण थी की इसके धुएं का गुब्बार करीब 3-4 किमी दूर तक दिखाई दे रहा था। बचाव कर्मी कैनन वाहन से पानी का फोर्स मार रहे थे। उधर से धुओं का गुब्बार निकल रहा था। बीच-बीच में कुछ देर के लिए पानी का फोर्स जाना बंद हो जाने पर अंदर से आग के गुब्बार निकलना शुरू हो जा रहा था। आगा बुझाने में राहत कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

फायर ब्रिगेड के कमांडेंट राजेश पांडेय ने बताया कि आग बुझाने के लिए 10 दमकल वाहन लगाए गए थे। वहीं हर तीन मिनट में एक टैंकर पानी आग बुझाने में खत्म हो रहा था। जबकि आग पर काबू पाने में दस घंटे से अधिक मा समय लगा है।

## बीए सेट कीट पहनकर रविलाल व गौरव पाठक घुसे अंदर

दोपहर करीब 12.30 बजे तक आग पर कुछ काबू पा लिया गया था। इस बीच अंदर की स्थिति को देखने सबसे पहले बीए सेट कीट पहनकर एसडीआरएफ के रविलाल यादव व फायर विभाग के गौरव पाठक होटल के अंदर घुसे। ये दोनों अंदर करीब 1 घंटे अंदर रहे और आग का जायजा लिया। आग बुझाने में फायर ब्रिगेड के जवान व एसडीआरएफ के जवानों की अहम भूमिका रही। वहीं इन्हें फायर ब्रिगेड के संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ा। फायर ब्रिगेड के पास आज भी भीषण आग बुझाने के लिए पर्याप्त सांसधन नहीं है। शुरूआती समय में दमकल वाहन से आग बुझाने की कोशिश की गई पर सफल नहीं होने पर दरिमा एयरपोर्ट से दमकल वाहन मंगाया गया। वहीं कई दमकल वाहन काफी पुराने हो चुके हैं।

# मतगणना आज,प्रत्याशियों की धडक़नें तेज

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,03 जून 2024 (घटती-घटना)।**

लोकसभा चुनाव का परिणाम मंगलवार को सामने आ जाएगा। परिणाम को लेकर प्रत्याशियों की धडक़नें तेज हैं। इधर मतगणना के कार्य के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। सुबह 8 बजे से मतगणना कार्य शुरू हो जाएगा। सरगुजा सुसदीय क्षेत्र से कुल 10 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद है। जिसमें भाजपा के चिंतामणि महाराज व कांग्रेस से शशि सिंह के बीच कांटे की टक्कर है। चुनाव का परिणाम-रूझान आम लोगों को दिखाने के लिए घड़ी चौक स्थित एलईडी स्क्रीन पर निर्वाचन परिणामों की जानकारी प्रदर्शित करने की तैयारी की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर के मार्गदर्शन में नगर निगम आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत द्वारा आम लोगों को चुनाव परिणाम दिखाने के लिए व्वस्था बनाई गई है। सुबह 8 बजे से मतगणना केंद्र पॉलीटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर में पोस्टल बैलेट से मतगणना शुरू होगी। इसके बाद सुबह 8.30 बजे से ईवीएम के जरिए मतगणना शुरू होगी। मतगणना के लिए सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। बता दें कि 4 जून को प्रातः 6 बजे जिला कोषालय स्ट्रांग रूम खोला जाएगा, जहां डाक मतपत्रों को रखा गया है। 4 जून को प्रातः 7 बजे तक ईटीपीबी प्राप्त किए जाएंगे। राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की




उपस्थिति में जिला कोषालय स्ट्रांग रूम से डाक मत पत्रों को सीआरपीएफ की सुरक्षा में मतगणना केंद्र तक लाया जाएगा। इसी तरह प्रातः 7 बजे इवीएम स्ट्रांग रूम खोला जाएगा और 8.30 बजे ईवीएम से मतगणना शुरू की जायेगी। जिले की तीनों विधानसभा में कुल 781 मतदान केन्द्र हैं जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा में 254, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर में 282 जिसमें 01 मतदान केंद्र गेतरा सूरजपुर जिले के अंतर्गत आता है तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर में 245 मतदान केन्द्र शामिल हैं। प्रत्येक विधानसभावार 14-14 टेबल ईवीएम मतगणना हेतु लगाए गए हैं।



# बारिश से मिली गर्मी से राहत,तापमान 38.1 डिग्री

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 03 जून 2024 (घटती-घटना)।**

नौतपा खत्म होते ही मौसम का मिजाज बदला हुआ है। सोमवार को दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई। बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार अंबिकापुर में 2.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। वहीं अधिकतम तापमान 38.1 दर्ज किया गया है। मौसम वैज्ञनिक एएम भट्ट के अनुसार इस बार नौतपा की मान्यता अनुकूल रही है। मान्यता है कि नौतपा समाप्त होते ही वर्षा होनी चाहिए। इस बार नौतपा में तपन भी अच्छी रही और नौतपा की समाप्ति के साथ ही अच्छी वर्षा भी देखने को मिल रही है। हालांकि यह वर्षा मानसून की वर्षा नहीं है। इस समय एक विक्षोभ पश्चिम की ओर से प्रभावी है जिसे अरब सागर की ओर से चक्रवाती हवाओं के नमी की ताकत भी मिल रही है साथ ही बिहार और उत्तरप्रदेश पर भी प्रभावी संचरण का सहयोग मिल रहा है। अगले एक दो दिनों में इस विक्षोभ के कमजोर पडऩे के साथ ापमान में उछाल की संभावना अभी बनी हुई है। सोमवार का अधिकतम 38.1 न्यूनतम 24.0 दर्ज किया गया है। वहीं वर्षा 2.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

# ग्रामीणों ने समस्याओं लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## अनिश्चितकालीन हड़ताल की दी चेतावनी

**- संवाददाता -**
**लखनपुर,03 जून 2024 (घटती-घटना)।**

लखनपुर विकासखंड क्षेत्र के एकमात्र कोयला खदान अमेरा परियोजना कारण आसपास गांव कटकोना,परसोडी कला और पुहपुटरा क्षेत्र में विभिन्न समस्या उत्पन्न हो गई है जिसकी जानकारी प्रशासनिक स्तर एव एसईसीएल प्रबंधक को दिए जाने के पश्चात आज तक एक भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है जिसके कारण अब प्रभावित लोग अनिश्चित काल के लिए हड़ताल करने हेतु बाध्य है जिसे लेकर जिला कलेक्टर के नाम लखनपुर तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया है।

आस पास के ग्रामीणों ने कहा कि कटकोना, परसोड़ी कला में जिन किसानों का खेत एवम् शासकीय तालाब जो खदान से लगा हुआ है जिसे एसईसीएल द्वारा सटाकर खुदाई कराई गई है जिसमे किसानों के खेत का मैड टूटकर खदान की ओर जा रहा है जिससे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है वहीं पूर्व में भी एसईसीएल प्रबंधक द्वारा पानी निकासी के लिए जो नाली बनाया गया था उसमे परसोडी कला के लगभग 10 किसानों के खेत को भारी नुकसान भी हुआ है वही पूर्व में अमेरा एसईसीएल प्रबंधक द्वारा कटकोना, पुहपुटरा तथा अमेरा खदान से आने वाली बरसात का पानी जिसके निकासी के लिए जो नाली बनाया गया था उससे लगभग 10 किसानों के खेत में हर वर्ष पानी भर जाने के कारण किसानों का हर साल बरसात में फसल खराब हो जाता है एसईसीएल द्वारा किसी प्रकार का कोई पहल नहीं किया जा रहा है साथ ही खदान में कोयला निकालने एवं पत्थर तोड़ने के लिए विस्फोटक सामग्री का जो उपयोग किया जाता हैं जिससे ग्राम कटकोना, परसोडी कला के ग्रामीणों के घरों को भी नुकसान हो रहा है। वही खदान प्रभावित क्षेत्र से गांव तक जाने हेतु सड़क की समस्या है इन सभी समस्याओं को लेकर के पूर्व में भी जिला कलेक्टर सहित खदान प्रबंधन को धर्मेंद्र झारिया के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया था तथा एक निश्चित अवधि के भीतर समस्या समाधान करने की बात कही गई थी लेकिन अभी तक केवल आश्वासन ही मिला है । यहां किसी भी समस्या का समाधान आज पर्यंत नहीं होने के कारण क्षेत्र के लोगों को काफी नुकसान हो रहा है तथा जनता में आक्रोश है। वही ग्रामीणों के द्वारा कहा गया की इस क्षेत्र में खदान खुलने से आसपास में कई ऐसी सुविधा का विस्तार कराया जाना था पर अमेरा एसईसीएल प्रबंधन द्वारा और न ही प्रशासन द्वारा कोई भी विकास कार्य नही कराया गया है। इन सभी समस्याओं एवम् मांगो को देखते हुए किसी भी समस्या का समाधान अमेरा एसईसीएल प्रबंधन एवम् जिला प्रशासन द्वारा निराकरण नही किया गया है। जिस वजह से 7 जून को शांतिपूर्वक अमेरा खदान (ट्रांसपोटिंग सहित) बंद करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठने की बात कही गई है।






वहीं पूर्व जनपद सदस्य धर्मेन्द्र झारिया द्वारा कहा गया है की 5 दिवस के भीतर यदि हमारी समस्या का समाधान नहीं होता है तो हम ग्रामीणों के साथ अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठेंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधक और प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व जनपद सदस्य धर्मेन्द्र कुमार झारिया,कटकोना सरपंच श्रीमती बिमला सिंह,परसोडी कला सरपंच नन्दलाल सिंह,पुहपुटरा सरपंच श्रीमती लीलावती सिंह,उप सरपंच गोवर्धन राजवाड़े,काशिम सिंह,खिलेश्वर सिंह पैकरा, श्यामनारायण प्रजापति,रामचंद्र मरकाम,भागवत राजवाड़े सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# ब्रह्मोस के पूर्व इंजीनियर को उम्रकैद...पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी की

**नई दिल्ली,03 जून 2024।** नागपुर की एक अदालत ने सोमवार को ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अग्रवाल पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप हैं। निशांत अग्रवाल को 2018 में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को ब्रह्मोस मिसाइल के बारे में जानकारी लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

एयरोस्पेस में सीनियर सिस्टम इंजीनियर थे और मिसाइल परियोजनाओं में शामिल थे। अग्रवाल को आईएसआई को परियोजनाओं के बारे में गोपनीय जानकारी देने के आरोप में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र एटीएस और मिलिट्री इंटेलिजेंस ने 2018 में नागपुर के पास से गिरफ्तार किया था।



बता दें कि ब्रह्मोस एयरोस्पेस डीआरडीओ और रूस के मिलिट्री इंडस्ट्रियल कंसोर्टियम (एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया) का एक संयुक्त उपक्रम है, जो भारत में सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के विकास और निर्माण का काम करता है। इन सुपरसोनिक मिसाइलों को जमीन, हवा, समुद्र और पानी के नीचे से भी लॉन्च किया जा सकता है।

2018 में जब अग्रवाल की गिरफ्तारी हुई थी, तब उस खबर ने हलचल मचा दी थी क्योंकि यह ब्रह्मोस एयरोस्पेस से जुड़ा यह पहला जासूसी का मामला था। तब आरोप लगे थे कि अग्रवाल दो फेसबुक अकाउंट - नेहा शर्मा और पूजा रंजन के ज़रिए संदिग्ध पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के संपर्क में था। इस्लामाबाद से संचालित इन अकाउंट्स के बारे में माना जाता है कि इन्हें पाकिस्तान के खुफिया एजेंस चला रहे थे।

निशांत अग्रवाल बहुत ही मेधावी इंजीनियर था। उसे डीआरडीओ का यंग साइंटिस्ट अवार्ड से भी सम्मानित किया गया था। वह कुरुक्षेत्र का छात्र रहा है। चार्जशीट के मुताबिक उसके लैपटॉप से बेहद गोपनीय फाइलें मिली थीं। इसके अलावा, एक सॉफ्टवेयर भी पाया गया था, जिससे लैपटॉप में मौजूद संवेदनशील तकनीकी जानकारियों को विदेशों और असामाजिक तत्वों को भेजा गया था।

## जलवायु परिवर्तन के कारण तिब्बत में बढ़ रहीं झीलें, चीन के लिए भारी नुकसान का बन सकती हैं कारण

**बीजिंग,03 जून 2024।** जलवायु परिवर्तन और ग्लेशियरों के पिघलने के कारण होने वाली बारिश में वृद्धि के कारण तिब्बत के सुरम्य हिमालयी क्षेत्र में स्थित कई झीलों में अरबों टन पानी भर सकता है। अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के एक समूह ने अपनी एक अध्ययन रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, इससे चीन को भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। सदी के अंत तक, किंघई-तिब्बत पठार में कुछ झीलों का सतही क्षेत्रफल 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ सकता है। पठार में झीलों के जल की मात्रा में 600 बिलियन टन से अधिक की वृद्धि होने का अनुमान है।



### क्या होता है एंडोर्फिक झील

रिपोर्ट के मुताबिक,हमारे परिणामों से पता चलता है कि 2100 तक, कम उत्सर्जन परिदृश्य में भी, तिब्बती पठार पर मौजूद 'एंडोर्फिक' झीलों का सतही क्षेत्र 50 प्रतिशत से अधिक (लगभग 20,000 वर्ग किमी या 7,722 वर्ग मील) बढ़ जाएगा और 2020 की तुलना में जल स्तर लगभग 10 मीटर (32 फीट) बढ़ जाएगा। एंडोर्फिक झील उन झील को कहा जाता है जिसमें जल संग्रह होता है और पानी बाहर की ओर नहीं बहता जिससे इनमें साल भर पानी रहता है।

# महिलाओं के आश्रय गृह में काम करें डोनाल्ड ट्रंप,पूर्व राष्ट्रपति को दोषी करार देने पर स्टॉर्मी डैनियल्स

**न्यूयॉर्क,03 जून 2024।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को अदालत ने व्यापारिक धोखाधड़ी से जुड़े मामले में दोषी माना है। 2016 में हुए राष्ट्रपति चुनाव की पूर्व संध्या पर पैसे देने के आरोप मामले में ट्रंप को दोषी करार देने के फैसले का एडल्ट फिल्म स्टार स्टॉर्मी डैनियल्स ने स्वागत किया है। उन्होंने फैसले के बाद अपनी चुप्पी तोड़ी और कहा कि उन्हें जेल होना चाहिए। डैनियल्स ने एक ब्रिटिश अखबार को दिए इंटरव्यू में कहा, मुझे लगता है कि उन्हें जेल की सजा होनी चाहिए। महिलाओं के लिए बने आश्रय गृह में स्वयंसेवक के रूप में भी काम करना चाहिए।

### फैसले की खुशी लेकिन अदालत में होना डरावना अनुभव

डैनियल्स की गवाही ट्रंप के खिलाफ आए फैसले में अहम साबित हुई है। उन्होंने अपनी गवाही में 2006 में हुई एक आकस्मिक यौन मुठभेड़ का ग्राफिक विवरण शामिल किया था। अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया में उन्होंने कहा, अदालत में होना बहुत डराने वाला था, क्योंकि जूरी सदस्य आपकी ओर देख रहे थे। हालांकि, इस बात की खुशी है कि फैसला सुनाया जा चुका है। यह साबित हो चुका है कि वह पूरे समय सच बोल रही थीं इस बात पर भी मुहर लगी है। मेरे लिए यह अभी खत्म नहीं हुआ है। यह मेरे लिए कभी खत्म नहीं होने वाला है। ट्रंप दोषी करार दिए गए हैं, लेकिन मुझे अभी भी मुकदमे और संघर्ष की विरासत के साथ जीना होगा।

# ईशनिंदा मामले में पिटाई के बाद एक ईसाई बुज़ुर्ग की मौत,पत्थरबाजी में 10 पुलिसकर्मी भी हुए थे घायल

**इस्लामाबाद,03 जून 2024।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में ईशनिंदा के आरोप में पिछले हफ्ते एक ईसाई समुदाय के व्यक्ति को भीड़ ने पीट दिया। पुलिस ने सोमवार को इस घटना पर जानकारी देते हुए बताया कि उस बुजुर्ग की मौत हो गई। पंजाब के सरगोधा जिले में 25 मई को कट्टरपंथी इस्लामवादी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कार्यकर्ताओं ने ईसाई समुदाय के सदस्यों पर हमला कर दिया। इस हमले में दो ईसाई सदस्य समेत 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए।




### भीड़ ने ईसाइयों के घरों को जला दिया

भीड़ ने ईसाइयों के घरों और अन्य संपत्तियों पर तोड़फोड़ करने से साथ उन्हें आग के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार, भीड़ ने एक बुजुर्ग ईसाई नजीर मसीह उर्फ लजार मसीह पर कुरान का अपमान करने का आरोप लगाते हुए उनके आवास और जूते की फैक्टरी को घेर लिया। उन्होंने जूते की फैक्टरी में आग लगा दी।

### 10 पुलिसकर्मी भी घायल

एफआईआर में बताया गया, आग में मसीह को भी बेरहमी से जला दिया गया। समय पर पुलिस के पहुंचने से मसीह और ईसाई समुदाय के 10 सदस्यों को बचा लिया गया। कुराण के कुछ पन्ने जूते की फैक्टरी के बाहर पाए गए। मसीह का कंबाइंड मिलिट्री अस्पताल में इलाज हो रहा था, लेकिन रविवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके भतीजे इरफान गिल मसीह ने मौत की पुष्टि की। हालांकि, मृतक के परिवार ने बेअदबी के दावों से इनकार करते हुए कहा कि भीड़ उसे पीटना चाहती थी। जब पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने की कोशिश की, तो उन्होंने (भीड़) ने पथराव किया, इसमें 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने 140 संदिग्धों को गिरफ्तार किया। बता दें कि पिछले साल फैसलाबाद जिले की जारनावाला तहसील में ईसाइयों के कम से कम 24 चर्च और 80 से अधिक घरों को भीड़ ने जला दिया। भीड़ ने दो ईसाइयों पर कुरान का अपमान करने का आरोप लगाया था।

# साइफर मामले में इमरान खान को इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने दी राहत,शाह महमूद कुरैशी भी दोषमुक्त करार

**इस्लामाबाद,03 जून 2024।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को आज थोड़ी राहत मिली। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने सिफर मामले में खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को बरी कर दिया है। वहीं, आज सुबह इस्लामाबाद की जिला और सत्र अदालत ने हकीकी आजादी मार्च के दौरान तोड़फोड़ के दो मामलों में खान और कुरैशी सहित अन्य नेताओं को रिहा कर दिया। इस महीने की शुरुआत में, इस्लामाबाद के एक न्यायिक मजिस्ट्रेट ने भी खान को 2022 में उनकी पार्टी के दो लंबे मार्च के दौरान तोड़फोड़ के दो मामलों में बरी कर दिया था।

### क्या है सिफर मामला

दरअसल, पाकिस्तान के बहुचर्चित सिफर मामले (गुप्त राजनयिक केबल) में इमरान खान पर गंभीर आरोप लगे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री पर आरोप है कि अगस्त 2018 से अप्रैल 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने के दौरान उन्होंने सिफर की सामग्री का दुरुपयोग किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले साल दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के ब्यूरो के सहायक सचिव डोनाल्ड लू और पाकिस्तानी दूत असद मजीद खान सहित अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारियों के बीच एक बैठक का विवरण था।

इमरान खान पर आरोप है कि उन्होंने पाकिस्तान की सरकार के खिलाफ साजिश रचने की कहानी गढ़ी। एफआईए ने 15 अगस्त को देश के गुप्त कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में सिफर मामला दर्ज



किया था। एफआईए ने 30 सितंबर को खान और कुरैशी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। एफआईए ने आरोप पत्र में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम की धारा 5 और 9 को शामिल किया है जिसके तहत दोषी पाए जाने पर मौत की सजा या दो से 14 साल की कैद हो सकती है। खान और कुरैशी को शुरुआत में 23 अक्टूबर को इस मामले में दोषी ठहराया गया था। दोनों ने खुद को निर्दोष बताया था।

### तोशाखाना मामले में भी जेल में बंद खान

बता दें,इमरान खान तोशाखाना मामले में उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में बंद हैं। दरअसल, पाकिस्तान के कानून के अनुसार किसी विदेशी राज्य के गणमान्य व्यक्तियों से प्राप्त कोई भी उपहार स्टेट डिपॉजिटरी यानी तोशाखाना में रखना होता है। अगर राज्य का मुखिया उपहार को अपने पास रखना चाहता है तो उसके लिए उसे इसके मूल्य के बराबर राशि का भुगतान करना होगा। यह एक नीलामी की प्रक्रिया के जरिए तय किया जाता है।

**क्या है पूरा मामला**

2018 में सत्ता में आए इमरान खान को आधिकारिक यात्राओं के दौरान करीब 14 करोड़ रुपये के 58 उपहार मिले थे। इन महंगे उपहारों को तोशाखाना में जमा किया गया था। बाद में इमरान खान ने इन्हें तोशखाने से सस्ते दाम पर खरीद लिया और फिर महंगे दाम पर बाजार में बेच दिया। इस पूरी प्रक्रिया के लिए उन्होंने सरकारी कानून में बदलाव भी किए।

# सूरजपुर भैयाथान रोड पर स्थित विकास ज्वैलर्स में नकाबपोश ने दिया चोरी की घटना को अंजाम



- मुख्य सड़क पर स्थित ज्वेलरी दुकान में सोमवार सुबह 4 बजे नकाबपोशों ने दी घटना को अंजाम सीसीटीवी कैमरा में हुआ कैद
- 25 लाख से ऊपर की चोरी का किया जा रहा दवा
- 2017 में भी विकास ज्वैलर्स संचालक के साथ हो चुकी है उठाई गिरी




**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,03 जून 2024 (घटती-घटना)।** सूरजपुर में एक और बड़ी चोरी की घटना सामने आई है जिसे लेकर पुलिस के रात्रि गस्त पर भी सवाल उठे हैं, भैयाथान रोड पर स्थित विकास ज्वैलर्स के यहां चार नकाबपोश ताल तोड़कर ज्वेलरी सहित नगद लेकर हुए पार सीसीटीवी कैमरा में हुआ कैद। संचालक की शिकायत पर पुलिस पहुंची जांच में डॉग स्क्वॉड के साथ चोरी के मामले को सुलझाना पुलिस के लिए बनी-बड़ी चुनौती।

मिली जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के मुख्यालय सूरजपुर के भैयाथान मुख्यमार्ग पर स्थित विकास ज्वैलर्स दुकान में ताला तोड़कर तीन नकाबपोश द्वारा दुकान से लगभग 20 से 25 लाख के जेवरात व 5 लाख नगद चोरी कर फरार हो गए जो सीसीटीवी फुटेज में भी नकाबपोश कैद हुए, संचालक ने इसकी सूचना सोमवार की सुबह पुलिस को दी तब पुलिस पहुंचकर वहां पर डॉग स्कर्ट के साथ चोरी की घटना की जांच में जुटी हुई है,आश्चर्य की बात तो यह है कि मुख्यमार्ग पर भी स्थित दुकान सुरक्षित नहीं है चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है, वहीं पुलिस के रात्रि गस्त पर भी सवाल उठ रहा है यदि पुलिस सही तरीके से गस्त करती तो शायद चोरों के अंदर पुलिस का भय होता, जो अब चोरों के अंदर से खत्म होता दिख रहा है सूरजपुर पुलिस के लिए भी इस चोरी की घटना को सुलझाना एक बड़ी चुनौती हो गई है क्योंकि यह चोरी बड़ी है और इसे सुलझाना पुलिस के लिए भी अत्यंत जरूरी है वही संचालक का दावा है कि लगभग 30 लाख की चोरी हुई है।

### पहले भी हो चुकी है उठाई गिरी

ज्वेलरी दुकान के संचालक के साथ पहले भी एक बार 2017 में उठाई गिरी हो चुकी है उसे समय उठाई गिरी करने वाले दुकान के ताला पर फेविक्विक लगाकर चले गए थे और जैसे ही संचालक दुकान का ताला खोलना आया वैसे ही उसके ऊपर लोग धावा बोल दिए और उसे समय भी लगभग 20 लाख से ऊपर की उठाई गिरी हुई थी पर बाद में चोर पुलिस के हत्या चढ़ गए थे और संचालक ने पुलिस को इस मामले को सुलझाने पर 50000 का इनाम भी दिया था।

# विभिन्न थानों में जब्त 1081 विसरा को किया गया नष्टीकरण

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,03 जून 2024 (घटती-घटना)।** जिले के विभिन्न थानों में जब्त किए गए 1081 बिसरा को नष्टिकरण की कार्रवाई सोमवार को की गई। एसडीएम से अनुमति के बाद नष्टिकरण किया गया। सरगुजा जिला मुख्यालय सहित समस्त थाना/चौकियो मे काफी लंबे समय से मर्ग मामलो मे जप्त विसरा के नष्टीकरण की कार्यवाही नही हुई थी, जप्त विसरा थाना/चौकी में रखे होने से बहुत सारी जगह अनावश्यक घेरी हुई थी, जिसके निराकरण किये जाने थाना/चौकी प्रभारियों कों निर्देशित किया गया था, उक्त निर्देश के परिपालन में जिला मुख्यालय सहित समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा मर्ग डायरी नस्तीबद्ध करा कर मर्ग मे जप्त विसरा कों अनुविभागीय दंडाधिकारी की अनुमति प्राप्त कर विसरा नस्टीकरण की कार्यवाही की गई, थाना कोतवाली द्वारा 811 विसरा, थाना गांधीनगर द्वारा 27 विसरा,थाना मणीपुर द्वारा 58 विसरा,थाना दरिमा द्वारा 10 विसरा, थाना कमलेश्वरपुर द्वारा 09 विसरा,थाना लुन्ड्रा द्वारा 33 विसरा, थाना धौरपुर द्वारा 22 विसरा, थाना सीतापुर द्वारा 31 विसरा,थाना उदयपुर द्वारा 18 विसरा,थाना लखनपुर द्वारा 62 विसरा नस्टीकरण किया गया हैं कुल 1081 जप्त विसरा कों राजपत्रित पुलिस अधिकारियो के देखरेख मे नस्टीकरण किया गया।

# आठ प्रकरण किये गए दर्ज

- थाना लखनपुर,थाना मणीपुर एवं चौकी रघुनाथपुर पुलिस टीम द्वारा मामलो मे 08 वाहन चालकों कों गिरफ्तार कर की गई अग्रिम वैधानिक कार्यवाही...
- आरोपियों क़े कब्जे से खतरनाक ढंग से खड़ा किया गया 08 नग ट्रक किया गया जप्त...
- सरगुजा पुलिस द्वारा भविष्य मे भी ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध सख़्ती के साथ अभियान चलाकर की जायगी कार्यवाही...





**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,03 जून 2024 (घटती-घटना)।** सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत आमनागरिकों के हित मे लगातार कार्यवाही की जा रही हैं, इसी क्रम मे मामले का संछिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि लोकमार्ग मे भारी वाहन चालकों द्वारा अपनी वाहनों कों सड़को के किनारे या आसपास खड़ी कर दिया जाता हैं, जिससे आमनागरिकों कों यातायात की समस्या के साथ आमजनों के जीवन मे संकटापन्न की स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं, ऐसे मामलो मे सखूती से निपटने के लिए सरगुजा पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही हैं,इसी क्रम मे थाना लखनपुर, थाना मणीपुर एवं चौकी रघुनाथपुर पुलिस टीम द्वारा लोकमार्ग मे खड़े भारी वाहनो पर 08 प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई हैं।

वाहन चालकों द्वारा लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से लोकमार्ग मे भारी वाहन खड़ी कर लोकमार्ग बाधित करने पर थाना लखनपुर अंतर्गत सिंगिंटाना आदित्य लाईन होटल के पास मे आरोपी शहनाज खान उम्र 24 वर्ष साकिन विशुनपुर थाना नगर उटारी जिला गढ़वा झारखण्ड द्वारा भारी वाहन ट्रक क्रमांक सीजी/04/पीसी / 9216 खड़ी करने पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 110/24 धारा 283 भा.द.वि. का अपराध दर्ज किया गया हैं, थाना लखनपुर के दूसरे प्रकरण मे सिंगिंटाना आदित्य लाईन होटल के पास मे आरोपी अख्तर अंसारी उम्र 25 वर्ष साकिन रौना टड़वा जिला गढ़वा झारखण्ड द्वारा भारी वाहन ट्रक क्रमांक सीजी /11/बीजी /7598खड़ी करने पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 111/24 धारा 283 भा.द.वि.का अपराध दर्ज किया गया हैं, थाना लखनपुर के तीसरे प्रकरण मे राधेढाबा केवरी मेनरोड के पास मे आरोपी मुन्ना अंसारी उम्र 24 वर्ष साकिन सोनपुरवा थाना रंका जिला गढ़वा झारखण्ड द्वारा भारी वाहन ट्रक क्रमांक सीजी /04/एनएच/7417 खड़ी करने पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 112/24 धारा 283 भा.द.वि.का अपराध दर्ज किया गया हैं, थाना लखनपुर के चौथे प्रकरण मे सिंगिंटाना नरेन्द्र ढाबा के पास मे आरोपी जागर सिंह उम्र 33 वर्ष साकिन खरोला थाना राजपुरा जिला पटियाला पंजाब द्वारा भारी वाहन ट्रक क्रमांक पीबी/65/एडब्लू /6563 खड़ी करने पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 113/24 धारा 283 भा.द.वि.का अपराध दर्ज किया गया हैं।

थाना मणीपुर अंतर्गत बिलासपुर रोड़ गुगली ढाबा के सामने के पास मे आरोपी डीपल सिंह उम्र 33 वर्ष साकिन हारचकिया थाना शाहपुर जिला कांगड़ा हिमाचलप्रदेश द्वारा भारी वाहन ट्रक क्रमांक सीजी/12/बीजी / 5846 खड़ी करने पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 193/24 धारा 283 भा.द.वि. का अपराध दर्ज किया गया हैं, थाना मणीपुर के दूसरे प्रकरण मे रिंगरोड दर्रीपारा मे आरोपी मृत्युंजय सिंह उम्र 38 वर्ष साकिन करमडीह थाना कुटुम्बा औरंगाबाद बिहार द्वारा भारी वाहन ट्रक क्रमांक सीजी /04/एच वाय /4107 खड़ी करने पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 194/24 धारा 283 भा.द.वि.का अपराध दर्ज किया गया हैं, थाना मणीपुर के तीसरे प्रकरण मे रिंग रोड़ दर्रीपारा मे आरोपी शम्भू सिंह उम्र 35 वर्ष साकिन आरती थाना कुटुम्बा औरंगाबाद बिहार द्वारा भारी वाहन ट्रक क्रमांक सीजी /04/एलसी /7166 खड़ी करने पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 195/24 धारा 283 भा.द.वि.का अपराध दर्ज किया गया हैं।

पुलिस चौकी रघुनाथपुर द्वारा चौकी अंतर्गत सिलसिला मेन रोड़ के पास आरोपी गजानंद यादव उम्र 42 वर्ष साकिन करमाजीत पटी थाना बाग़राय जिला प्रतापगढ़ उत्तरप्रदेश द्वारा भारी वाहन ट्रक क्रमांक यूपी /70/एटी / 9937 खड़ी करने पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 148/24 धारा 283 भा.द.वि. का अपराध दर्ज किया गया हैं, कुल 08 मामलो मे पुलिस टीम द्वारा लोकमार्ग मे खड़ी भारी वाहनों कों जप्त किया गया हैं, मामले के आरोपियों से घटना क़े सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपराध घटित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर मामले मे अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी लखनपुर निरीक्षक मनोज कुमार प्रजापति, थाना प्रभारी मणीपुर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल, चौकी प्रभारी रघुनाथपुर उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक नवल किशोर दुबे,सहायक उप निरीक्षक अरुण गुप्ता प्रधान आरक्षक मुक्तिलाल तिर्की,प्रधान आरक्षक रवि सिंह,प्रधान आरक्षक विजय मरावी,आरक्षक अतुल शर्मा, जानकी राजवाड़े,दशरथ राजवाड़े शामिल रहे।

# प्रयास आवासीय विद्यालय में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 9 जून को

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,03 जून 2024 (घटती-घटना)।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा राजीव गांधी बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 09 जून 2024 को प्रातः 11:00 बजे से 02:00 बजे तक जिला स्तर पर आयोजित है। ऑनलाईन फार्म भरने वाले सभी पात्र परीक्षार्थी विभागीय वेबसाईट www.eklavya.cg.nic.in पर विद्यार्थी का आवेदन क्रमांक व विद्यार्थी के पिता का मोबाईल नम्बर अंकित कर ऑनलाईन प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की कठिनाई होने पर संबंधित विकासखण्ड के मण्डल संयोजक से संपर्क कर सकते हैं।



# कोरबा लोकसभा की सरोज या ज्योत्सना पर जनता का फैसला आज



- पूरी हुई मतगणना की तैयारी,चार जिला मुख्यालयों में होगी मतो की गणना
- परिणाम जानने हर वर्ग में दिख रहा उत्साह, एक्जिट पोल के नतीजे से भाजपाई खुश
- कोरबा लोकसभा हेतु 2023 मतदान केन्द्रों में डाले गए हैं वोट

## चार जिला मुख्यालय में होगी मतों की गणना-कोरबा

लोकसभा क्षेत्र चार जिले क्रमशः कोरबा,कोरिया,एमसीबी एवं जीपीएम में शामिल है। कोरबा जिले में शामिल विधानसभा कोरबा,रामपुर एवं पाली तानाखार विधानसभा की गणना कोरबा जिला मुख्यालय में होगी जबकि मरवाही विधानसभा की गणना जीपीएम जिला मुख्यालय में होगी। बैकुंठपुर विधानसभा की गणना कोरिया जिला मुख्यालय एवं भरतपुर सोनहत एवं मनेंद्रगढ विधानसभा की गणना एमसीबी जिला मुख्यालय में होगी। सभी जिला मुख्यालयों में मतगणना केन्द्रों तक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना का कार्य प्रातः 8 बजे से शुरू होगा।

## बैकुंठपुर में पूरी हुई मतगणना की तैयारी

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर मे मतों की गणना रामानुज हाईस्कूल स्थित मतगणना हाल में की जाएगी, कलेक्टर विनय लंगेह के नेतृत्व में मतगणना को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। एसपी सूरज सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस महकमे द्वारा भी सुरक्षा के सारे इंतजाम किए गए हैं साथ ही यातायात के सुचारू संचालन हेतु मुख्य सड़क से आवागमन डायवर्ट किया गया है। सभी प्रमुख स्थानों पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना हाल में रिटर्निंग अधिकारी,सहायक रिटर्निंग अधिकारी,मतगणना पर्यवेक्षक,मतगणना सहायक एवं आब्जर्वर, निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति एवं आब्जर्वर,निर्वाचन के संबंध में ड्यूटी पर तैनात लोक सेवक,अभ्यर्थी उनका निर्वाचन अभिकर्ता तथा गणना अभिकर्ता को जाने की अनुमति होगी। मतगणना हाल में मोबाईल एवं अन्य डिवाईस ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। मीडिया कर्मियों के लिए अलग से मीडिया सेंटर की व्यवस्था की गई है,तथा वहां एक वरिष्ठ अधिकारी की नियुक्ति की गई है जो समय समय पर मतगणना हाल का अवलोकन करने के लिए एक निश्चित सीमा तक छोटी छोटी संख्या में मीडिया समूहों को अंदर ले जाएंगे। बगैर परिचय पत्र किसी को अंदर जाने की अनुमति नही दी जाएगी।

## एक्जिट पोल के अनुसार भाजपा जीतेगी कोरबा

देश भर में लोकसभा चुनाव हेतु अंतिम चरण का मतदान 1 जून को संपन्न हुआ है और इसी दिन शाम को सारे न्यूज चैनलों और एजेंसियों द्वारा एक्जिट पोल जारी किया गया है,हलाकि इस एक्जिट पोल पर अविश्वास जताते हुए कांग्रेसियों द्वारा इसे मोदी का एक्जिट पोल बतलाया जा रहा है । फिर भी यदि एक्जिट पोल पर नजर डाली जाए तो यह तय है कि देश में तीसरी बार मोदी सरकार की वापसी हो रही है। छत्तीसढ में भी भाजपा क्लीप स्वीप करती हुई नजर आ रही है। कोरबा लोकसभा सीट पर भी इस बार कांग्रेस को झटका लग सकता है।

-विशेष संवाददाता-
कोरिया/कोरबा,03 जून 2024
(घटती-घटना)।

लंबे इंतजार के बाद अंततः वह वक्त आ ही गया जिसका इंतजार हर वर्ग कर रहा है,देश में तीसरी बार मोदी सरकार की बात हो या फिर छत्तीसगढ की 11 लोकसभा सीटों की बात,हर किसी को आज 4 जून का बेसब्री से इंतजार था और इसी बीच कोरबा लोकसभा से कौन विजयी होगा इसके लिए भी दावे पर दावे किये जा रहे हैं। हलांकि छत्तीसगढ की सभी सीटों पर एक्जिट पोल के अनुसार भाजपा की बढत की बात सामने आ रही है,इस लोकसभा




सीट पर भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय विजयी होंगी या फिर दुबारा ज्योत्सना महंत विजयी होती हैं यह दोपहर बाद तक तय हो जाएगा । बहरहाल आम जन की उत्सुकता के बीच मतगणना हेतु प्रशासनिक तैयारी भी पूरी कर ली गई है,कोरबा लोकसभा में चार जिले शामिल हैं इसलिए चारों जिला मुख्यालय में मतों की गणना होगी,लेकिन परिणाम की घोषणा कोरबा जिला मुख्यालय से किया जाएगा। मतों की गणना सुबह 8 बजे से शुरू की जाएगी।

## एक्जिट पोल के अनुसार भाजपा जीतेगी कोरबा

देश भर में लोकसभा चुनाव हेतु अंतिम चरण का मतदान 1 जून को संपन्न हुआ है और इसी दिन शाम को सारे न्यूज चैनलों और एजेंसियों द्वारा एक्जिट पोल जारी किया गया है,हलाकि इस एक्जिट पोल पर अविश्वास जताते हुए कांग्रेसियों द्वारा इसे मोदी का एक्जिट पोल बतलाया जा रहा है । फिर भी यदि एक्जिट पोल पर नजर डाली जाए तो यह तय है कि देश में तीसरी बार मोदी सरकार की वापसी हो रही है। छत्तीसढ में भी भाजपा क्लीप स्वीप करती हुई नजर आ रही है। कोरबा लोकसभा सीट पर भी इस बार कांग्रेस को झटका लग सकता है।

## कौन होगा विजयी,फैसला आज

कोरबा लोकसभा हेतु मतदान पिछले 7 मई को हुआ था,जिसके बाद से ही चैक चैराहों पर दोनों की प्रमुख दलों के प्रत्याशियों को लेकर दावे पर दावे किए जा रहे थे। कोरबा लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी भले ही ज्योत्सना महंत रही हों लेकिन चुनाव डॉ.चरणदास महंत के चेहरे पर ही लड़ा गया है। भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने पूरे चुनाव प्रक्रिया के दौरान जबरजस्त जनसंपर्क करते हुए खुद के पक्ष में भरपूर माहौल बनाने की कोशिश की थी । अपने चुनावी दौरे में उन्होने सांसद ज्योत्सना महंत की निष्क्रियता और पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के कार्यकाल में हुए घोटालों के अलावा केन्द्र की मोदी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धि बतलाने में भी सफलता हासिल की थी। इसकी तुलना मे कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत उतनी प्रभावी नजर नही आई जिसका असर भी जनता में पड़ना स्वाभाविक है। डॉ.चरणदास महंत कोरबा लोकसभा में पिछले 20 वर्षों से सक्रिय हैं लेकिन भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने मात्र 2 महीने में ही सभी क्षेत्रों अपनी पहुंच बनाई जिसका लाभ उन्हे मिल सकता है। कोरबा लोकसभा चुकि आदिवासी बाहुल्य है इसलिए आदिवासी वर्ग का वोट किसी भी प्रत्याशी के लिए काफी अहम माना जा रहा है।

## बैकुंठपुर में 17 राउंड में होगी मतो की गणना

मतगणना के पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त रीना बाबा साहब कंगाले ने प्रेस कांफ्रेस लेकर जो जानकारी दी है उसके अनुसार कोरबा लोकसभा के भरतपुर सोनहत विधानसभा के कुल 310 मतदान केन्द्रों की गणना एक हाल में होगी जहां 21 टेबल लगाए गए हैं और यहां 15 चक्रों मे मतो की गणना होगी। मनेंद्रगढ विधानसभा के कुल 156 मतदान केन्द्रों की गणना 1 हाल में होगी जहां 14 टेबल लगाए गए हैं और यहां 12 चक्र में मतों की गणना पूरी होगी। बैकुंठपुर विधानसभा के कुल 228 मतदान केन्द्रों की गिनती 1 हाल में होगी यहां भी 14 टेबल लगाए गए हैं जबकि 17 चक्रों में मतों की गणना होगी। रामपुर विधानसभा के 284 मतदान केन्द्रो की गणना हेतु 1 हाल बनाया गया है,यहां भी 14 टेबल लगाए गए है जबकि यहां 21 चक्र में गिनती होगी। कोरबा विधानसभा के 249 मतदान केन्द्रों की गणना भी 1 हाल में होगी यहां भी 14 टेबलों में 18 चक्र में गिनती होगी। कटघोरा विधानसभा के 254 मतदान केन्द्र की गिनती 1 हाल में 14 टेबलों और 19 चक्र में होगी। पाली तानाखार विधानसभा के 300 मतदान केन्दों की गिनती 1 हाल में 14 टेबलों में और 22 चक्र में होगी। मरवाही विधानसभा के 242 मतदान केन्द्रों की गिनती 1 हाल में 14 टेबलों और 18 चक्र में होगी। हर चक्र की गणना के बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी। ज्ञात हो कि कोरबा लोकसभा के चुनाव हेतु कुल 8 विधानसभा में 2023 मतदान केन्द्र बनाए गए थे।

## गोंगपा विधायक का क्षेत्र तय करेगा भाजपा,कांग्रेस प्रत्याशी का भाग्य

कोरबा लोकसभा में शामिल 8 विधानसभा में वर्तमान में 6 विधानसभा में भाजपा के विधायक हैं जबकि 1 विधानसभा रामपुर में कांग्रेस विधायक हैं। 1 विधानसभा पाली तानाखार में गोंगपा विधायक है। इस विधानसभा में जीत की संभावना भाजपा और कांग्रेस में से किसी एक प्रत्याशी की ही होगी लेकिन माना जाता है कि पाली तानाखार ही कोरबा लोकसभा के प्रत्याशी का भाग्य तय करता है। पिछले लोकसभा चुनाव मे ज्योत्सना महंत को अविभाजित कोरिया की तीनों विधानसभा से लगभग 42 हजार से पीछे थी लेकिन पाली तानाखार से वे एकतरफा आगे थी। जिसकी बदौलत उन्हे जीत मिली थी। हलांकि तब समीकरण उनके पक्ष में थे उस दौरान इस लोकसभा में केवल 1 भाजपा विधायक ननकीराम थे। जबकि 7 विधानसभा में कांग्रेस विधायक और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी। इस बार स्थिति एकदम विपरीत है, इस लोकसभा में इस बार 6 भाजपा विधायक हैं और प्रदेश में भाजपा की सरकार के साथ-साथ 2 मंत्री भी इसी लोकसभा से आते हैं। 1 विधायक की मौजूदगी के साथ गोंगपा ने भी मजबूती के साथ चुनाव लड़ा है। हलांकि कांग्रेसी खेमा गोंगपा के वोट बैंक को अपनी ओर लाने की बात कर रहा है और उसी आधार पर जीत की बात कर रहा है लेकिन भाजपाईयों ने भी मैनेजमेंट की बदौलत चुनाव जीतने का दावा किया है। किसके दावे सही है और किसके दावे गलत आज दोपहर बाद परिणाम सभी के सामने होगा।



# श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 20 बना मनेन्द्रगढ़ कप 2024 का सिरमौर,सुभाष वार्ड क्र. 8 रहा उपविजेता

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,03 जून 2024
(घटती-घटना)।


मनेन्द्रगढ़ कप क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार रात को मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल व अन्य अतिथियों की उपस्थिति में स्कूल ग्राउंड मिनी स्टेडियम में खेला गया रोमांचक मैच में श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड नंबर 20 ने सुभाष वार्ड नंबर 8 को हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच का लुफ्त उठाने मिनी स्टेडियम में खेल प्रेमियों का सैलाब उमर पड़ा। फाइनल मैच में वार्ड क्रमांक 20 की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। वार्ड नम्बर 20 के ओपनर अभिषेक एक चौका एवं एक छक्के की मदद से 9 गेंद पर? 14 रन एवं गोपी 15 गेंद पर 24 रन , विशाल 25 , गोपी 20 रन के सहयोग से निर्धारित ओवर में 112 रन बनाया । गेंदबाजी में वार्ड नम्बर 8 के गेंदबाज संजय व रवि ने दो - दो विकेट लिये। 113 रनो का पीछा करने उतरी वार्ड क्र 8 की ओपनर जोड़ी हैदर 14 गेंद पर 10 रन , चंदन 10 गेंद पर 13 रन एवं पीनल 7 गेंद पर 19 रन बना कर महज 90 रन ही बना सकी , गेंदबाजी में वार्ड 20 के फहजान व विकास ने 3-3 विकेट एवं टीपू व कन्हैया ने 1 -1विकेट लिए , इसी तरह फाइनल का यह मैच वार्ड नम्बर ?20 ने? 22 रनो से जीत लिया ।

फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विकास ने प्राप्त किया। एंपायर अजय सिंह और सन्नी, स्कोरिंग शुभम सिंह ने की। टूर्नामेंट का मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार वार्ड क्रमांक 17 के खिलाड़ी अभिषेक वडेरा को दिया गया वहीं बेस्ट बॉलर चंदन ,बेस्ट बैट्समैन विकास शाह ,बेस्ट फील्डर विशाल शाह को पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री व विधायक मनेन्द्रगढ़ श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि प्रेसिडेंट क्लब मनेन्द्रगढ़ द्वारा खेल प्रतिभाओं को उभारने एवं स्वस्थ मनोरंजन के उद्देश्य आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता ने एक इतिहास का सृजन किया है। जन भावनाओं के अनुरूप मनेन्द्रगढ़ में खेल प्रतिभाओं को उभारने हर सुविधाए मुहैया कराये जाने का आश्वासन दिया साथ उन्होंने मनेन्द्रगढ़ प्रेसिडेंट क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता आशीष सिंह द्वारा मिनी स्टेडियम को विस्तार व और सुविधा जनक बनाये जाने की मांग किए जाने पर उन्होंने आगामी मनेन्द्रगढ़ कप 2025 के पूर्व उक्त कार्य कराए जाने की घोषणा की वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरगुजा विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष गुलाब कमरों ने कहा कि हम सब मिलकर मनेन्द्रगढ़ के खिलाड़ियों के लिए अवश्य ही हर सम्भव सहयोग प्रदान करेंगे और अनुशासित रूप से संचालित टूर्नामेंट की उन्होंने सराहना की । कार्यक्रम में मनेन्द्रगढ़ प्रेसिडेंट क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता आशीष सिंह की सर्वश्रेष्ठ संचालन के लिए भी सम्मानित किया गया ।मनेन्द्रगढ़ प्रेसिडेंट क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता आशीष सिंह ने कहा कि टूर्नामेंट में सभी वार्डों के खिलाड़ियों ने जो खेल भावना का परिचय दिया है वह अपने आप में एक मिसाल है यह टूर्नामेंट आने वाले वर्षों में जन सहयोग से और भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा जिसमें शामिल खिलाडी प्रदेश और देश स्तर पर मनेन्द्रगढ़ शहर का नाम रोशन करेंगे साथ ही श्री सिंह ने मुख्य अतिथि वह अन्य उपस्थित अतिथियों का स्वागत कर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री से स्कूल ग्राउंड मिनी स्टेडियम को नगर हित और खिलाड़ियों के हित और विकसित करने की मांग की।कार्यक्रम में वर्ष 2022-23 में छत्तीसगढ़ शिक्षा मंडल की 12 वी में विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा प्रिय रोहरा को राज्य में 6 वाँ स्थान प्राप्त करने पर तथा शिप्रा तिवारी को वर्ष 2023-24 में क्लास 10 में प्रदेश की मेरिट सूची में 10 वाँ स्थान प्राप्त करने पर मनेन्द्रगढ़ प्रेसिडेंट क्लब ने सम्मानित किया साथ ही मनेन्द्रगढ़ निवासी क्रिकेट खिलाड़ी श्रेयष सिन्हा का चयन छत्तीसगढ़ टीम में अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए चयनित होने पर और मनेंद्रगढ़ के होनहार फुटबॉलर नितेश यादव राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित संतोष ट्रॉफी में इंडियन रेल्वे की टीम में जगह मिलने पर और मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र को गौरवान्वित करने पर सम्मानित किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल ,भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल केसरवानी,पूर्व नपा अध्यक्ष राजकुमार केसरवानी,धर्मेंद्र पटवा, लखन लाल श्रीवास्तव, कमल केजरीवाल, श्याम सुंदर पोद्दार सुरजीत सिंह रैना, सतीश गुप्ता, रणजीत सिंह,सुरेंद्र मखीजा, जमील शाह , ऋ षि सराफ,रामधुन जायसवाल ,शिव यादव, शराफत अंसारी, शराफत अली, शिव यादव,विवेक अग्रवाल,संतोष रजक,सरदार अजीत सिंह, गीता पासी, राखी सिंह, ममता सोनी, रिंकेश खन्ना,विनय जायसवाल,सुनैना विश्वकर्मा,रूबी पासी,मीनू सिंह,अलका विश्वकर्मा,अजय जायसवाल, गोपाल गुप्ता,हफीज मेनन, रामचरित द्विवेदी, मृत्युंजय चतुर्वेदी, नरेंद्र सिंह रैना ,हरीश गुप्ता ,आशीष अग्रवाल,प्रकाश त्रिपाठी, संतोष मांझी, अमित चावड़ा ,गोलू रैना, अतुल सोनी, राम गुप्ता,याकूब,अबरार,हिमांशु श्रीवास्तव,रवि सिंह सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# हिंदुओं की हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा कलेक्टर के नाम मुख्यमंत्री का सौपा ज्ञापन



-संवाददाता-
सूरजपुर,03 जून 2024
(घटती-घटना)।



विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ज़िला सूरजपुर के द्वारा प्रदेश में हिंदुओ की लगातार हो रही हत्या व हिंदू विरोधी गतिविधियों के बढ़ते मामलों के विषय मे बलरामपुर की घटना को लेकर डिप्टी कलेक्टर महोदया को आज दिनांक 03/06/2024 को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया ! छत्तीसगढ़ प्रदेश के बलरामपुर जिला में बजरंग दल के सह संयोजक,सुजीत स्वर्णकार की निर्मम हत्या कर दी गई है,और प्रशासन द्वारा इस प्रकरण में केवल लीपापोती की जा रही है। विगत 27 मई को संदिग्ध अवस्था मैं सुजीत स्वर्णकार का शव जंगल में पाया गया था। मृतक के शरीर मे पैट और जांघ में धारदार हथियार से वार किया गया,इस बात का पंचनामा में भी उल्लेख है। उसकी उंगलियां टूटी हुई थीं और गर्दन भी तोड़ी गई थी।उसे हलाल करके अधमरा करने के बाद जीवित शरीर पर विद्युत करंट लगाया गया, जो कि किसी निश्चित स्थान पर किया गया होगा। इस प्रकार तड़पा-तड़पा कर बर्बरतापूर्वक हत्या करने के बाद उसके शव को जंगल में फेंक दिया गया। साथ ही जिस लड़की की भी हत्या की गई, उसकी बड़ी बहन को सोन्खान गौ तस्कर का रात के 1 बजे फोन आता है, और इससे इस षड्यंत्र की पुष्टि होती है। तथ्यपरक जांच होने के पश्चात इसमें निश्चित इस्लामिक जिहादियों और गौ तस्करों की संलिप्तता की पुष्टि होगी।

बलरामपुर बजरंग दल जिला सह संयोजक की हत्या एक गहरी साजिश है और हिन्दु रक्षकों को हतौत्साहित करने का एक कुत्सित प्रयास है। हत्या का कारण एक षड्यंत्रपूर्वक आक्रमण है।हाल ही में आपके सरकार गठन के बाद से प्रदेश में इस्लामिक जिहादियों के द्वारा कवर्धा में साधराम यादव की निर्ममतापूर्वक हत्या कर दिया गया,वही बलरामपुर में सुजीत स्वर्णकार की हत्या हो गई प्रदेश के अन्य कई जिलों में भी लव जिहाद,धर्मांतरण व गौ तस्करी के मामले बढ़े है।हिन्दू आस्था के केंद्र मंदिरों में विग्रह को तोड़ा गया है। जो हिन्दू धर्मसमाज के सामने गम्भीर चिंता का विषय है। प्रदेश के अन्य जिलों में जो घटनाएं हो रहा है। उसमे भी आपके मंत्रियों का व्यवहार धर्मसमाज के प्रति सकारात्मक नही दिखाई दे रहा है। छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री राम विचार नेताम जी जैसे अनुभवी एव जिम्मेदार नेता अपने दायित्वों से पूरी तरह विमुख होकर एक संवेदनहीन प्रशासक की तरह व्यवहार कर रहे हैं। जिसे सही नही कहा जा सकता है। एक हिंदुत्ववादी सरकार से विश्व हिन्दू परिषद तथा अन्य तमाम हिन्दू संगठन इस तरह के बर्ताव की अपेक्षा नहीं करता है। विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल छत्तीसगढ़ का आपसे यह अनुरोध है। की ऐसे घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही हो, जिलों में हिंदुहितो को लेकर काम करने वाले धर्मसेवकों की हत्या व हमलों पर रोक लगे,प्रदेश के अंदर लव जिहाद, गौ तस्करी व अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने के साथ साथ अवैध प्रार्थना सभाओं पर भी रोक लगे अन्यथा संगठन अपनी लड़ाई स्वय लड़ने के लिए तैयार है। अगर ऐसे बड़े मामलों पर आगे कार्यवाही नही होती है तो छत्तीसगढ़ विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल प्रांतव्यापी आंदोलन को बाध्य होगा एवं मंत्रियों का घेराव तथा आवश्यक होने पर मुख्यमंत्री का घेराव भी किया जाएगा। जिसकी समस्त जवाबदारी राज्य शासन की होगी । प्रदेश में कानून व्यवस्था की गिरती स्थिति चिंता का विषय है और अपराधियों एवं अराजक तत्वों के बढ़ते हौसले से हिन्दू समाज सकते में है और असुरक्षित महसूस कर रहा है। अपनी सुरक्षा के लिए हिन्दू समाज और अपने कार्यकर्ताओं की सुरक्षा के लिए विश्व हिन्दू परिषद प्रतिबद्ध है और हम इसके लिए किसी भी सीमा तक जाने के लिए सक्षम हैं। छत्तीसगढ़ की हवाओं में जो जिहादी जहर घोलने का प्रयास कर रहे हैं, उस पर तत्काल लगाम लगाई जाए और कठोर कानून बना कर सख्ती से उनसे निपटा जाए। जिसमे ज़िला क़े बजरंग दल कोरिया क़े विभाग संयोजक दिनेश साहू,विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री संजय देवांगन,बजरंग दल जिला सहसंयोजक अनुज साहू, नगर संयोजक सूरजपुर पवन गुप्ता, ग्राम अध्यक्ष आस्तिक कुशवाहा(विक्की),देवा रोहित कसेरा, इत्यादि कार्यकर्ता है उपस्थित रहे।


## हत्या पूर्व का मामला

छतवा,थाना रामानुजगंज चौकी विजयनगर जिला-बलरामपुर (छ0ग0) निवासी नुर मोहम्मद एवं उसके दामाद,संमधी,साडू पुत्र एवं घर के अन्य सदस्य सहीत रिस्तेंदारों कें द्वारा अपने घर में ही गौवंश की निर्मम हत्या कर घर में होने वालें खतना के कार्यक्रम में सामुहिक दावत दिया गया था।नूर मोहम्मद के घर में ही गौवंश की हत्या कर उसे पकाया गया एवं बचे अवशेष को घर के कमरे में ही गड्ढा खोदकर दफना दिया गया जिसकी ज़ानकारी समस्त हिंन्दू समाज एवं विश्व हिन्दू परिषद बज़रंग दल को प्राप्त होने पर विज?यनगर चौंकी में सूचना दी गई जिस पर गौवंश का पका हुआ मांस करीब 35 किलो एवं अवशेष सिंघ खुर, खाल-आदि बरामद किया गया था। विजयनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये आरोपियों ने अपने कथन में कहा है कि उनके द्वारा पुर्व में भी नूर मोहम्मद के घर में गौवंश की हत्या कर गौ मांस का भक्षण किया गया है। बजरंग दल बलरामपुर के द्वारा इस मामले की शिकायत करने से नाराज लोगो ने प्रतिशोध के चलते इस घटना को अंजाम दिया हो जो जांच का विषय है।


**दैनिक घटती-घटना अखबार व पत्रकार तब तक डॉ. प्रिंस जायसवाल के लिए सही है जब तक उनके मन मुताबिक खबर छपती थी?**

# क्या जांच में जारी है लीपापोती,घण्टों जांच अधिकारी के पास बैठते है सीएमएचओ और पूर्व डीपीएम ?

## पूर्व सीएस के दो पत्र आये सामने...तमाम खरीदी पर खड़े हुए सवाल





-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,03 जून 2024
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग में कांग्रेस के कार्यकाल में बीते दो वर्षों में जमकर वित्तीय अनियमितताएं बरती गई, जिसकी शिकायत वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से हुई उन्होंने जांच के निर्देश दिए,परंतु कांग्रेस के कार्यकाल का जिला प्रशासन हर हाल में जांच में सीएमएचओ और पूर्व डीपीएम को बचाने में जुटा हुआ है, अब मामले में नया मोड़ आ गया है जिन तमाम खरीदी की जांच की जा रही है उंसमे क्रय समिति के एक सदस्य ने खरीदी पर ही दो पत्र जारी कर खुद को अलग कर लिया है। ये उन्होंने सेवानिवृत्त होने के एक महीना पहले ही सरकार को बता दिया था।

जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन मुख्यमंत्री के निर्देश पर आई जांच को बड़े गुपचुप तरीके से जिला पंचायत में कर रहा है, जांच अधिकारी के पास सीएमएचओ और पूर्व डीपीएम लंबी लंबी बैठक कर अपनी गलतियों को सही करवाने में जुटे है, हैरानी की बात यह है तमाम एलोपैथिक दवाइयों की खरीदी की जांच आयुर्वेदिक चिकित्सक से करवाई जा रही है,पूर्व डीपीएम आये दिन कलेक्टर चेम्बर में देखे जा रहे है,जिससे आसानी से समझा जा सकता है कि जांच की दिशा क्या होगी,इधर घटती-घटना के पास दो पत्र ऐसे हाथ लगे है जो बीते दो वर्ष में एनएचएम और सीएमएचओ के कार्यकाल में हुई खरीदी की पोल खोल रहे है, जिसमे क्रय समिति के एक सदस्य ने साफ लिख कर बताया है कि उन्हें पता नही कि खरीदी क्या की गई दबाव देकर उनसे जबरन हस्ताक्षर करवा लिया गया है। जिससे साफ बीते दो वर्ष जो कांग्रेस के कार्यकाल के रहे उंसमे जमकर वित्तीय अनियमितता हुई है, यही कारण है वर्तमान जिला प्रशासन के अधिकारी जो कांग्रेस की सरकार से यहां पदस्थ है उन्होंने कांग्रेस के समय हुई शिकायतों पर बिल्कुल सज्ञान नही लिया, सरकार के बदलने पर मुख्यमंत्री के निर्देश पर आई जांच में भी लीपापोती करवाने में पीछे नही है।

### पहले पत्र के अनुसार धमकाकर और दबाव में करवाया हस्ताक्षर

मात्र तीन सदस्यीय क्रय समिति के एक सदस्य जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर के तत्कालीन सीएस ने संचालक संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएँ के साथ स्वास्थ्य मंत्री,एनएचएम के डायरेक्टर और संयुक्त संचालक को पत्र लिखकर बताया था कि वित्तिय वर्ष 2019-20 से 2022-23 तक उनके द्वारा कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरिया के अंतर्गत स्टोर शाखा द्वारा क्रय किये गए दवाओं एवं अन्य आवश्यक बिल वाउचर पर स्वेच्छा से हस्ताक्षर नहीं किया गया है। उक्त कार्यालय प्रमुख मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जिला कोरिया के द्वारा दबावपूर्वक स्टोर प्रभारी के रूप में उनसे हस्ताक्षर कराया गया था। उनके द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरिया को कार्य की अधिकता एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्या उक्त कार्यालय में स्टोर प्रभारी का कार्य नही करने की मौखिक सूचना दी गई थी। किन्तु उनसे दबाव पूर्वक प्रकरण रोकने की धमकी देकर वित्तिय वर्ष 2019-20 से 2022-23 तक के समस्त बिल वाउचर पर हस्ताक्षर गया। उक्त सामग्रीयों के क्रय में उनका किसी भी प्रकार से भुमिका नहीं है। उन्होंने यह भी लिखा है की वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2022-23 तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला के अंतर्गत स्टोर शाखा द्वारा क्रय किये गए दवाओं एवं अन्य आवश्यक सामग्रीयों के क्रय की कोई जानकारी उन्हे नही है।

### दूसरे पत्र के अनुसार एनएचएम अंतर्गत खरीदी में दबाव

दूसरे पत्र उन्होंने 14 फरवरी 2024 को लिखा जिसमे उन्होंने उल्लेख किया कि जिला चिकित्सालंक बैकुण्ठपुर में एन.एच.एम. मद में विगत वर्ष 2022 से 2024 से वर्तमान तक क्रय की गई समस्त सामाग्री,औषधि,चिकित्सकीय उपकरण एवं अन्य समस्त कार्यों की कार्यवाही हेतु समस्त नस्ती पर एन.एच.एम. कार्यालय के जिला अकाउंट मैनेजर,जिला कार्यकम प्रबंधक के टीप उपरांत जिला चिकित्सालय से मांगपत्र लेकर अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमोदन लेकर क्रय की कार्यवाही की जाती है। जबकि आर.ओ.पी. में उक्त बजट सिविल सर्जन को प्रदान की जाती है। नियमानुसार सिविल सर्जन को प्राप्त आबंटन के परिपालन में क्रय का अधिकार सिविल सर्जन को है,लेकिन एन.एच.एम. कार्यालय के निर्देशानुसार सदैव क्रय की प्रकिया जिला मुख्यालय से पूर्ण कर अधोहस्ताक्षरकर्ता को दबावपूर्ण भुगतान हेतु हस्ताक्षर कराया जाता है। जिस कारण से उक्त क्रय प्रकिया में अधोहस्ताक्षरकर्ता का किसी प्रकार की भूमिका भूमिका नहीं है। दोनो पत्र से साफ है कि जिला प्रशासन की धौस दिखाकर अधिकारियों कर्मचारियों से जबरन हस्ताक्षर करवाए गए है और जमकर वित्तीय अनियमितता बरती गई है,बताया जाता है कि यही कारण सीएमएचओ द्वारा सीएस को खूब परेशान भी किया गया, रिटायर मेंट के बाद भी तरह तरह के प्रयोजन कर उन्हें चुप रखने का प्रयास भी किया गया।

## 334 लोगों पर की गई लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही



-संवाददाता-
कोरबा,03 जून 2024
(घटती-घटना)।

**इन पर की गई कार्यवाही**

- शराब पीकर वाहन चलाना-142
- बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना-118
- ओवर स्पीड वाहन चलाना-55
- धारा 304 भादवि के तहत-16
- मालवाहक में सवारी बैठना-3

पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थाना/चौकी के मुख्य मार्ग, चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया गया। इसी कड़ी में थाना चौकी एवं यातायात के द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त से सखूत कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/चौकी एवं यातायात के द्वारा लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही किया गया है।

कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग किया गया,पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चौक चौराहा एवं भीडभाड वाले इलाकों में जाकर पैट्रोलिंग किया गया एवं गलत तरीके से वाहन चलाने वाले तथा ओवर स्पीड वाहन चलने वाले पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही किया गया। लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह विशेष अभियान को चलाया गया । अभियान के तहत वाहनों को चेक किया गया और उन्हें समझाया गया कि ओवर स्पीड वाहन ना चलाएं ना ही शराब पीकर वाहन चलाऐ और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे । उनको समझाया गया साथ ही हिदायत भी दि गई । इस दौरान पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की गई साथ ही आगे भी इस तरह की कार्यवाही जारी रखने की बात कही गई।



## अग्नि से सुरक्षा के लिए पुलिस एवं अग्निशमन के जवानों ने एक साथ किया मॉक ड्रिल

-संवाददाता-
कोरबा,03 जून 2024 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा आग लगने की बढ़ रही घटनाओं को देखते हुए उनके निर्देश पर विशेष अग्नि सुरक्षा अभियान जिले में चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना/चौकी के द्वारा व्यापारियों और दुकानदारों की बैठक लेकर जागरूकता संबंधित पम्फलेट बाँटा जा रहा और अग्निशमन विभाग के साथ मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। कोरबा पुलिस के द्वारा थाना कोतवाली के अन्तर्गत पाम मॉल, थाना दर्री और थाना कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत दुकान संचालकों और आम नागरिक को बुला कर अग्नि सुरक्षा के संबंध में मॉक ड्रिल का आयोजन अग्नि शमन विभाग की टीम के द्वारा किया गया साथ ही कोरबा पुलिस के द्वारा सभी थानो में व्यापारियों, दुकानदारों और अग्निशमन विभाग के साथ बैठक का भी आयोजन किया गया,जिसमें पम्फलेट बाँट कर जागरूक किया गया और घटना होने पर रिस्पांस टाइम कम करने के संबंध में चर्चा की गई है। मॉक ड्रिल में आग लगने पर क्या सावधानी बरतनी है, कैसे बचाव करना है और क्या करना है क्या नहीं करना है बताया गया। मॉक ड्रिल में घर,रसोई,दुकान, कार्यालय,पैरावट,गैस सिलेंडर या बाहर कहीं भी आग लगने की स्थिति होने पर काबू पाने के लिये क्या करना है ये बताया गया। ज्ञात हो कि बीती रात में बुधवारी बाज़ार में एक दुकान में आग लगी थी जिसे आम जनता, पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी और अग्निशमन विभाग की तत्परता से 20 मिनट के अंदर ही आग पर क़ाबू पा लिया गया जिससे इसका प्रभाव अन्य दुकानों पर नही पड़ा । पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे इस अग्नि सुरक्षा संबंधित अभियान से कोरबा में सभी संबंधित विभागों के साथ साथ दुकानदार और आम जनता धीरे धीरे जागरूक हो रही है,जिसे लेकर दुकानदारों और आम जनता के द्वारा पुलिस और अग्निशमन विभाग को जागरूक करने के लिए ओ साधुवाद ज्ञापित किया गया। कोरबा पुलिस मीडिया कर्मियों की आभारी है कि वो ये अभियान जन-जन तक पहुँचा रहे है।

## प्रेक्षक एवं कलेक्टर ने मतगणना की तैयारियों का लिया जायजा

-संवाददाता-
कोरबा,03 जून 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतगणना 04 जून को स्थानीय आईटी कालेज झगरहा परिसर में प्रातः 8 बजे से की जाएगी। मतगणना के एक दिन पूर्व प्रेक्षक प्रेमसिंह मीणा, कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने चारों विधानसभा के मतगणना कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने मीडिया कक्ष, टेबुलेशन कक्ष यहां लगाये गये सीसी टीवी, वीडियो का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रेक्षक श्री मीणा द्वारा मतगणना कक्ष में मतगणना टेबल, बैठक व्यवस्था, बेरिकेटिंग, गणना अभिकर्ता की बैठक व्यवस्था, पार्किंग, मोबाइल एवं गेजेट्स चेकिंग,मतगणना कक्ष में मूवमेंट की सीसीटीवी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था,मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं, गणना के लिए मतगणना सामग्री,डाक मत पत्र,ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, व्हीव्हीपैट स्लिप काउंटिंग के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


**न्यायालय तहसीलदार,अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. 202102020300003 /ब-121/2020-21

**अंतिम ईश्तहार प्रकाशन**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा0प्र0क्र0 2021020203000 0/ब-121 युधिष्ठिर सरदार प्रति छ0ग0 शासन, ग्राम सुभाषनगर, तहसील अम्बिकापुर में ग्राम सुभाषनगर स्थित भूमि खसरा नंबर 36/4 रकबा 0.400 हे.भूमि का नक्शा सुधार कर हल्का पटवारी के माध्यम से मंगाया गया जिसका अंतिम प्रकाशन कराया जा रहा है। अतः उक्त नक्शा बटांकन में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21/06/2024 को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार अंबिकापुर



**न्यायालय तहसीलदार,अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विश्व नाथ मिंज भुलू राम निवासी कुवंरपुर थाना लखनपुर तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि आवेदक के (बड़ी बहन) फुलकुंवर पति मिठू राम की दिनांक 11/05/2021 को स्थान बकिरमा में हुई है।

आवेदक के मृत्यु मृत्यु का पंजीयक नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना /आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 02/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार अंबिकापुर


## यात्रियों से भरा पिकअप वाहन पलटा हादसे में पिकअप में सवार 20 से अधिक लोग घायल

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओडगी में चल रहा घायलों का इलाज





-संवाददाता-
ओड़गी,03 जून 2024
(घटती-घटना)।



आज लगभग 3.30 बजे पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 एटी 5876 में सवार करीब 45 तीर्थयात्री कुदरगढ़ देवी धाम से दर्शन उपरांत अपने घर वापसी जा रहे थे तभी ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 3 किलोमिटर की दूरी पर खर्रा बांध के समीप अनियंत्रित होकर पलट गया । उसमे बैठे दर्जनों लोगों को चोट आया है वही 7 की हालत गंभीर बनी हुई है जिनको स्थानीय लोगों और प्रशासन से सी ई ओ,तहसीलदार सालिक राम गुप्ता के द्वारा पहल किया गया और उनके इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओडगी में भेज दिया गया। जहां बीएमओ डॉ बंटी बैरागी समेत समस्त स्टाप इलाज करने में लग गए हैं। वही 12 लोगों को मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय सूरजपुर के लिए रेफर कर दिया गया है

यह सभी रहने वाले बभनी चपकी उत्तर प्रदेश से हैं । सूत्रों की माने तो कुदरगढ़ देवी धाम में मनोकामना पूर्ण होने पर बकरा लेकर आते हैं और शराब भी बड़ी मात्रा में मिलता हैं और लोग अपने 2 चक्का वाहन से शराब सप्लाई बड़ी मात्रा में करते है जिसको पीकर यहां आए दर्शनार्थी सहित ड्राइवर सभी मस्त हो जाते है । सबसे ज्यादा सोचने वाली बात यह है कि यह सब पुलिस चौकी कुदरगढ़ के नाक के नीचे होता है और पुलिस को इस बात का भनक तक नहीं है। या ए भी हो सकता है। कि खबर है लेकिन कार्यवाही करने का मन नहीं होता होगा। अभी तक ऐसे बहुत सारे रोड़ हादसा हुआ है उसमे से 99 प्रतिशत लोग कुदरगढ़ धाम से लौटते वक्त ही हुआ है। चाहे वह दो पहिया वाहन हो या चार पहिया वाहन सभी का हादसा का यही मुख्य कारण बनता हैं अब इन हादसों का मुख्य कारण क्या हैं।और जिम्मेदार कौन है। अगर वाहन चेकिंग की बात करें तो आए दिन होते रहता है लेकिन समझ नही आता कि कोई ठोस कार्यवाही क्यों नहीं करते।


**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202405020700218**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2023-24

फुन्दुरडिहारी प.ह.नं.00016(हे.)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-अंजली रानी,
अनावेदक पक्षकार-छ0ग0शासंन,

**ईश्तहार**

आवेदक अंजली रानी आ0अनिल कुमार निवासी राजेन्द्र नगर ,लकड़ापारा फुन्दुरडिहारी तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित भूमि खसरा नं040/79 रकबा 0.012 हे0 भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पेश किया गया हैं। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 8/07/2024 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावाआपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/05/2024को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार अंबिकापुर



**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202405020700215**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2023-24

अम्बिकापुर प.ह.नं.00015(हे.)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-मो0 सलीम खान राही,
अनावेदक पक्षकार-छ0ग0शासंन,

**ईश्तहार**

आवेदक मोहम्मद सलीम खान राही आ0 शमीम व अन्य निवासी मोमिनपुरा, अम्बिकापुर, तहसील, अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 4646/1, 4647/2 4658/1 रकबा 0.080, 0.065, 0.166 हे0 भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 8/07/2024 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावाआपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/05/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार अंबिकापुर



**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. .../अ-20(3)/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक घनश्याम दास अग्रवाल आ0 स्व0 टेकचंद अग्रवाल निवासी ब्रम्ह रोड अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला ब्रम्ह रोड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-3 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 926/1, 926/2 रकबा क्रमशः 0.01,1/2, 03.1/2 एकड़ भूमि को निजी कार्य हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण बंधक रखने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, मेंटनेंस खसरा की छायाप्रति के साथ पेश किया गया है।

उक्त भूखण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 19/06/2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजुल अधिकारी अम्बिकापुर



**न्यायालय,अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. .../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बादल जैन पिता सतीश जैन जाति अग्रवाल निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मेन्ड्रकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 खसरा नंबर 462/5, रकबा 0.100 हे0 भूमि को कृषि भिन्न औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, ले-आउट, पंचायत प्रस्ताव, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 15/06/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर

# इंडिया पेरिस टेनिस टूर्नामेंट मैच आज

» खिताब बचाने उतरेंगी भारत के सात्विक और चिराग की जोड़ी



**नई दिल्ली,03 जून 2024।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करके अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेगी। भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।
इस सत्र में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने चार प्रतियोगिताओं के फाइनल में प्रवेश किया जिनमें से वह फ्रेंच ओपन और थाईलैंड ओपन जीतने में सफल रहे। थॉमस कप में हालांकि इंडोनेशिया और चीन के खिलाफ वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके अलावा वह ऑल इंग्लैंड ओपन और पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन में शुरू में बाहर हो गए थे।
सात्विक और चिराग पिछले साल इंडोनेशिया ओपन जीतकर सुपर 1000 टूर्नामेंट जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। वे अब पिछले सप्ताह की गलतियों में सुधार करके पिछले साल का प्रदर्शन दोहराने की कोशिश करेंगे। उनका पहला मुकाबला मलेशिया के मैन वेई चोंग और काई वुन टी से होगा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू पर भी दबाव होगा जो पेरिस ओलंपिक से पहले आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगी।
मलेशिया ओपन के फाइनल में पहुंचने से उनका मनोबल बढ़ा होगा लेकिन खिताबी मुकाबले में चीन की वांग झी यी के खिलाफ 11-3 से आगे होने के बावजूद हारना चिंताजनक है। आन से यंग, चेन यू फी, अकाने यामागुची और कैरोलिना मारिन जैसी चोटी की खिलाड़ी मलेशिया ओपन में नहीं खेली थी लेकिन वे इंडोनेशिया ओपन में चुनौती पेश करेंगे और ऐसे में सिंधू के लिए राह आसान नहीं होगी।
सिंधू अगर पहले दौर में चीनी ताइपे की वेन ची सू को हरा देती है तो फिर उन्हें मारिन का सामना करना पड़ सकता है जिनसे वह पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल में हार गई थी। पुरुष एकल में भारत की निगाह एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन पर टिकी रहेगी। लक्ष्य जापान के कांता सुनेयामा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर उनका सामना मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त विक्टर एक्सेलसेन से हो सकता है जिनसे वह पिछले सप्ताह हार गए थे।
इस सत्र में स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझने वाले प्रणय पहले दौर में हमवतन प्रियांशु राजावत से भिड़ेंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और किरण जॉर्ज भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। पहले दौर में श्रीकांत का सामना चिको ऑरा ड्वी वार्डोयो से जबकि जॉर्ज का चीन के वेंग होंग यांग से होगा।
महिला युगल में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी तनिषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की जैकी डेंट और क्रिस्टल लाई की जोड़ी के खिलाफ करेगी। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की एक अन्य भारतीय जोड़ी का सामना चीनी ताइपे की चेंग यू पेई और सुन यू हिंग से होगा।

## इरफान पठान का बयान,कहा-भारतीय बल्लेबाजी क्रम में यशस्वी जायसवाल की जगह नहीं?



**नई दिल्ली,03 जून 2024।** भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप में अपना पहला मैच 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ खेलने जा रही है। इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ हुए वॉर्म-अप मैच में भारत ने अपने संयोजन को परखा। इस मैच में ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर आजमाया गया और यशस्वी जायसवाल की जगह संजू सैमसन को रोहित के साथ ओपनिंग पर उतारा गया। इस बीच संभावनाएं जताई जा रही हैं कि मुख्य मुकाबले में भी रोहित और जायसवाल की जोड़ी देखने को नहीं मिलेगी।वहीं बांग्लादेश के खिलाफ भारत के वॉर्म-अप मुकाबले में विराट कोहली शामिल नहीं हुए थे। ऐसे में तीसरे नंबर पर ऋषभ पंत को परखा गया और उन्होंने अर्धशतक जड़ते हुए खुद को साबित भी किया। इसके अलावा सैमसन ने सलामी बल्लेबाज के रूप में निराश किया। अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान का मानना है कि पंत को तीसरे नंबर पर उतारना अच्छा फैसला है और कोहली इस स्थिति में ओपन कर सकते हैं। इसके चलते जायसवाल की जगह प्लेइंग 11 में बिल्कुल नहीं बनती है। स्टार स्पोर्ट्स पर अपनी प्लेइंग इलेवन को लेकर इरफान पठान ने कहा कि, मेरा मानना है कि यशस्वी जायसवाल का ओपन करना भारतीय टीम के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन प्रेक्टिस मैच देखने के बाद ऐसा लगता है कि शायद ये हो ना पाए और विराट कोहली व रोहित शर्मा ओपन करते हुए नजर आए। नंबर तीन पर ऋषफ पंत को रखने का आइडा मुझे बड़ा पसंद है। क्योंकि आपको लेफ्ट हैंड बल्लेबाज मिल जाएगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### विराट कोहली ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली,03 जून 2024।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को विश्वभर में क्रिकेट के हर फॉर्मेट में शानदार बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है। यही वजह है कि उनके फैन फॉलोइंग भी बहुत बड़ी मात्रा में है। अब कोहली ने टी 20 वर्ल्ड कप 2024 में अपने पहले मैच भारत और आयरलैंड मुकाबले से पहले इतिहास रच दिया है। कोहली अब ट्विटर पर 18वें सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले व्यक्ति बने गए हैं। विराट कोहली ने भारत के एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं जिनके ट्विटर पर सबसे ज्यादा फॉलोअर्स हैं। कोहली के इस समय ट्विटर पर सबसे ज्यादा फॉलोअर्स वाले व्यक्ति एलन मस्क हैं जो खुद एक्स के मालिक हैं। जबकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विराट कोहली ट्विटर पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले टॉप 20 व्यक्तियों में शामिल दो एशियाई हैं। विराट कोहली ने टी 20 वर्ल्ड कप में अब तक खेले 27 मैच की 25 पारियों में 1141 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 81.50 और स्ट्राइक रेट 131.30 का रहा है। विराट कोहली के नाम टी20 वर्ल्ड कप में 14 अर्धशतक हैं। टी 20 वर्ल्ड कप में अब तक बनाए 1141 रन में से 518 रन विराट ने रन चेज में बनाए हैं। ये टी 20 वर्ल्ड कप में विराट कोहली का ओवरऑल आंकड़ा है।



## भारत के खिलाफ मैच से पहले पाकिस्तान टीम हो जाती है नर्वस



**नई दिल्ली,03 जून 2024।** टी 20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत हो चुकी है। जहां टूर्नामेंट में भारत के अभियान की शुरुआत 5 जून से आयरलैंड के खिलाफ होगी। वहीं भारतीय टीम का सबसे अहम मुकाबला 9 जून को पाकिस्तान के खिलाफ खेला जाएगा। हर किसी को इस मुकाबले का बेसब्री से इंतजार है। वहीं अब पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने भी इस मैच को लेकर अपना राय दी। उन्होंने स्वीकार किया कि दोनों देशों के बीच होने वाले मैच को लेकर बना माहौल और जीत का दबाव खिलाड़ियों को नर्वस कर देता है। उन्होंने इस मैच के लिए अपने खिलाड़ियों को कूल रहने और बेसिक्स पर कायम रहते हुए खेलने की सलाह दी है।
बाबर आजम ने स्वीकार किया कि भारत और पाकिस्तान मैच चर्चा सबसे ज्यादा होती है और इसके लिए अलग तरह का वातावरण तैयार किया जाता है। आप वर्ल्ड में कहीं भी जाइए आपको भारत और पाकिस्तान के मैच को लेकर चर्चा करते हुए लोग मिल ही जाएंगे। हमारे फैंस को भी हमसे जीत की अपेक्षा होती है और निश्चित तौर पर इस मैच को लेकर बने माहौल की वजह से खिलाड़ी थोड़ा नर्वस हो जाते हैं। अब ये इस पर निर्भर करता है कि आप इससे कैसे निपटते हैं? आप इस मैच के दौरान जितना अपने बेसिक्स पर ध्यान देंगे एक खिलाड़ी के रूप में आपके लिए चीजें आसान हो जाएगी और हम ऐसा ही करेंगे। बाबर आजम ने आगे कहा कि ये बेहद दबाव वाला मैच होता है और अगर आप शांत बने रहते हैं और अपनी कड़ी मेहनत और कौशल पर विश्वास रखते हैं तो चीजें आसान हो जाएंगी। पाकिस्तान के कप्तान को 2022 के टी 20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर पाने का अब भी मलाल है। उन्होंने हमसे जीत छीन ली। हमें सबके अधिक पीड़ा जिम्बाब्वे के खिलाफ मिली हार से हुई। भारत के खिलाफ हार से इसलिए तकलीफ हुई क्योंकि हमने उस मैच में अच्छी क्रिकेट खेली थी और लोग हमारे प्रदर्शन की तारीफ कर रहे थे।

## मैथ्यू हेडन के बयान ने मचाया हंगामा

» कहा- विराट कोहली मेरी टी20 वर्ल्ड कप का हिस्सा नहीं होंगे..



**नई दिल्ली,03 जून 2024।** टी0 वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा का ओपनिंग पार्टनर कौन होगा? इस पर बहस जारी है। ओपनिंग स्लॉट के लिए यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली दो दावेदार हैं। क्रिकेट पंडित इन दोनों ही खिलाड़ियों में से अपनी -अपनी पसंद बता रहे हैं। इस बीच ऑस्ट्रेलियाई पूर्व सलामी बल्लेबाज और मौजूदा एक्सपर्ट मैथ्यू हेडन का एक ऐसा बयान सामने आया है जिसने हर किसी को चौंका कर रख दिया है। हेडन का कहना है कि विराट कोहली जिस फॉर्म में हैं उसे देखते हुए उन्हें पारी का आगाज करना चाहिए, अगर कोहली ओपनिंग नहीं करते हैं तो वह उन्हें फिर अपनी भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीम में शामिल नहीं करेंगे।
ईएसपीएनक्रिकइन्फों से बात करते हुए मैथ्यू हेडन ने भारत की प्लेइंग इलेविन को लेकर चर्चा की। उनका कहना है कि किसी भी प्लेइंग इलेवन के टॉप 5 या 6 बल्लेबाज राइटी नहीं हो सकते, ऐसे में दूसरी टीमों को फायदा मिलेगा। इस वजह से टॉप ऑर्डर में एक लेफ्टी होना चाहिए। हेडन ने यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली को टीम इंडिया का ओपनर चुना है, वहीं रोहित को उन्होंने चौथे नंबर पर रखा है।
विराट कोहली ने आईपीएल 2024 में बतौर ओपनर 15 मैचों में सबसे ज्यादा 741 रन बनाए थे, वह दूसरी बार इस रंगारंग लीग में ऑरेंज कैप जीतने में कामयाब रहे थे।
कोहली के शानदार आईपीएल 2024 सीजन ने रोहित और पूर्व कप्तान के साथ भारत के ओपनिंग करने की संभावना को बढ़ावा दिया। आरसीबी के लिए खेलते हुए कोहली ने 15 पारियों में 741 रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम की थी।साथ ही उन्होंने कहा कि, आपके पास बाएं-दाएं का कॉम्बिनेशनल होना चाहिए। आप लगातार पांच दाएं हाथ के बल्लेबाजों को नहीं रख सकते। ऑस्ट्रेलिया फिर सीधा एडम जम्पा को बुलाएगा। कोहली को ओपनिंग करनी होगी, नहीं तो वह मेरी टीम में नहीं खेलेंगे, वह पूरी तरह से शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने कहा कि, रोहित एक बहुमुखी खिलाड़ी हैं और मध्य क्रम में बल्लेबाजी करने से नहीं कतराते हैं। टी20 क्रिकेट में नंबर 4 पर बल्लेबाजी करते हुए उनका रिकॉर्ड सफल रहा है और वह शुरुआती मिडिल ऑर्डर की अगुवाई कर सकते हैं।

# रवीना टंडन के खिलाफ दावे निकले झूठे


» नहीं की किसी से नशे में मारपीट

» एक्ट्रेस के सपोर्ट में आयी कंगना रनौत



अभिनेत्री रवीना टंडन से जुड़ी रोड रेज की घटना की जांच के दौरान मुंबई पुलिस ने पाया है कि उनकी कार किसी से नहीं टकराई थी, एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। वायरल वीडियो में एक व्यक्ति ने दावा किया था कि रवीना के ड्राइवर ने उसकी मां को टक्कर मारी और जब उनसे पूछताछ की गई तो रवीना ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसने दावा किया था कि यह घटना उस समय हुई जब वह अपनी मां, बहन और भतीजी के साथ रवीना टंडन के घर के पास से गुजर रहा था। खार पुलिस अधिकारी के अनुसार, खार स्थित इमारत के आसपास के सीसीटीवी फुटेज में,जहां यह घटना हुई, दिखाया गया है कि महिलाएं अभिनेता की कार के करीब थीं, लेकिन कार ने उन्हें टक्कर नहीं मारी। वीडियो में स्थानीय लोगों के एक समूह को रवीना और उनके ड्राइवर पर तीन महिलाओं पर हमला करने का आरोप लगाते हुए दिखाया गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार रात बांद्रा के कार्टर रोड पर हुई। अधिकारी ने बताया कि हालांकि कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है, लेकिन खार पुलिस स्टेशन में स्टेशन डायरी दर्ज की गई है।उन्होंने बताया कि जब रवीना भीड़ से बात करने के लिए अपनी गाड़ी से उतरीं, तो उन्हें कथित तौर पर धक्का दिया गया और मारा गया। वायरल वीडियो में रवीना को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि %कृपया मुझे मत मारो। वीडियो में एक व्यक्ति यह कहते हुए सुना जा सकता है कि रवीना के ड्राइवर ने उसकी माँ को मारा और जब उससे पूछताछ की गई, तो उसने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। अभिनेत्री पर नशे में होने का दावा करते हुए, व्यक्ति ने कहा कि जब वह गाड़ी से बाहर निकली तो उसने महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी।खार पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा कि घटना के बाद, कार्टर रोड पर एक इमारत के परिसर के अंदर भीड़ ने रवीना और उनके ड्राइवर का सामना किया। अधिकारी ने कहा कि यह घटना तब हुई जब ड्राइवर ने अपनी कार को पीछे किया। वायरल वीडियो में एक महिला शिकायत करती हुई दिखाई दे रही है कि रवीना और उनके ड्राइवर ने उसके साथ मारपीट की और उसकी नाक से खून बहने लगा। वीडियो में व्यक्ति ने कहा कि यह घटना तब हुई जब वह अपनी माँ, बहन और भतीजी के साथ रवीना के घर के पास से गुजर रहा था।
अभिनेत्री कंगना रनौत रवीना टंडन के समर्थन में सामने आई, क्योंकि एक रोड रेज की घटना को लेकर उनके बीच तीखी नोकझोंक का वीडियो इंटरनेट पर व्यापक रूप से शेयर किया गया था। कंगना ने रवीना के साथ दुर्व्यवहार करने वाली महिलाओं के व्यवहार की निंदा की। उन्होंने सड़क पर इस तरह के अनियंत्रित व्यवहार के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की। कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा,रवीना टंडन जी के साथ जो हुआ वह बेहद चिंताजनक है। अगर विपरीत समूह में 5-6 और लोग होते तो उन्हें पीट-पीटकर मार दिया जाता। हम इस तरह के सड़क पर होने वाले गुस्से की निंदा करते हैं। उन लोगों को फटकार लगाई जानी चाहिए। उन्हें इस तरह के हिंसक और जहरीले व्यवहार से बचना चाहिए।
वायरल सोशल मीडिया क्लिप में रवीना किसी को मारने से मना करती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि एक अन्य महिला और एक पुरुष कैमरे का सामना करते हुए दावा करते हैं कि रवीना और उनके कर्मचारियों ने उन पर हमला किया है। हालांकि, बाद में एक सीसीटीवी क्लिप जारी की गई, जो इस दावे का खंडन करती है कि महिला को रवीना की कार ने टक्कर मारी थी।
मुंबई पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि रवीना के खिलाफ महिला की शिकायत झूठी थी। मोहरा अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पुलिस का बयान साझा किया।
डीसीपी राज तिलक रोशन ने इंडिया टुडे को बताया कि कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है रवीना (टंडन) घर आ रही थीं। उनकी कार पीछे की ओर जा रही थी। पास से गुजर रही महिला उनके ड्राइवर पर भड़क गई और उसने कहा कि गाड़ी सावधानी से चलाओ। कार महिला को नहीं छू पाई, लेकिन दोनों के बीच बहस हो गई। रवीना बाहर निकलीं और बहस करने लगीं। हमारे पास किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत नहीं है, इसलिए कोई मामला दर्ज नहीं है। वर्क फ्रंट की बात करें तो रवीना टंडन आखिरी बार फिल्म पटना शुक्ला में नजर आई थीं।

## सुशांत सिंह राजपूत के करीब महसूस करने के लिए केदारनाथ पहुंची बहन श्वेता सिंह कीर्ति



दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की बहन श्वेता सिंह कीर्ति ने खुलासा किया कि अपने भाई के करीब महसूस करने के लिए उन्होंने केदारनाथ धाम के दर्शन किए। इस दौरान की कुछ तस्वीरें श्वेता ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा की। इन तस्वीरों में सुशांत की भी कुछ पुरानी फोटो थी, जिनमें वह केदारनाथ मंदिर के आगे ध्यान लगाने वाली मुद्रा में बैठे नजर आ रहे हैं। श्वेता ने भी अपने भाई की तरह मंदिर के आगे बैठकर ध्यान लगाया। बता दें, 14 जून को अभिनेता की चौथी पुण्यतिथि है।श्वेता सिंह कीर्ति ने अपने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा,आज 1 जून है, और चार साल पहले इसी महीने की 14 तारीख को हमने अपने सबसे प्यारे सुशांत को खो दिया था। आज भी, हम इस बात का जवाब खोज रहे हैं कि उस दुखद दिन क्या हुआ था। श्वेता ने आगे लिखा,मैं केदारनाथ में प्रार्थना करने, याद करने और भाई के करीब महसूस करने के लिए आई थी। वह दिन अविश्वसनीय रूप से भावुक था;जैसे ही मैं केदारनाथ पहुँची, मेरी आँखों से आँसू बहने लगे। मैं थोड़ी देर तक चली, लेकिन आखिरकार मुझे बैठकर रोना पड़ा, क्योंकि मुझे अपने चारों ओर उनकी मौजूदगी महसूस हो रही थी। मुझे उन्हें गले लगाने की तीव्र इच्छा हुई। मैं वहीं बैठी और ध्यान करने लगी जहाँ उन्होंने ध्यान किया था, और उन पलों में, मुझे लगा कि वे अभी भी मेरे साथ हैं, मेरे भीतर हैं, मेरे ज़रिए जी रहे हैं। ऐसा लगा जैसे वे कभी गए ही नहीं थे।आखिर में उन्होंने लिखा, कल फाटा में इंटरनेट कनेक्शन नहीं था। अपनी कार में बैठे-बैठे मैंने इंस्टाग्राम खोला और अपने फ़ीड में सिर्फ़ एक पोस्ट देखी केदारनाथ में भाई की एक तस्वीर जिसमें वे एक साधु के साथ थे। मुझे पता था कि मुझे उस साधु से मिलना ही है और भगवान की कृपा से मैं उनसे मिल पाया। मैं संदर्भ के लिए वह तस्वीर संलग्न कर रहा हूँ। ऐसा होने के लिए भगवान का आभारी हूँ।

## फिल्मो में रहे फ्लॉप फिर भी करोड़ो के हैं मालिक एक्टर करण



बॉलीवुड में ऐसे कई सितारे हैं जिन्हें इंडस्ट्री में भले ही कुछ खास सफलता न मिली हो, लेकिन उनकी लोकप्रियता आज भी किसी सुपरस्टार से कम नहीं है. ये एक्टर इस साल रिलीज हुई एक सुपरहिट फिल्म में नजर आए थे और उनके अभिनय को काफी सराहा भी गया था, लेकिन वह आजतक अपने दम पर एक भी सोलो हिट नहीं दे पाए हैं. आज जिस एक्टर की यहां बात कर रहे हैं वह बॉलीवुड की खूबसूरत बाला बिपाशा बसु के पति करण सिंह ग्रोवर हैं. करण छोटे पर्दे का जाना-माना नाम रह चुके हैं. टीवी पर अपने नाम का सिक्का जमाने के बाद एक्टर ने बड़े पर्दे का रुख किया, लेकिन बॉलीवुड में उन्हें कुछ खास सफलता नहीं मिल पाई।
करण सिंह ग्रोवर अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी के चलते सुर्खियों में रहे हैं. वह आए दिन अपने रिलेशनशिप के चलते खबरों में बने रहते थे. करण सिंह ग्रोवर एक या दो नहीं बल्कि 3 बार शादी के बंधन में बंधे हैं एक्टर ने साल 2008 में को-स्टार श्रद्धा निगम से पहली शादी की थी. सीरियल में साथ काम करने के दौरान दोनों का प्यार परवान चढ़ा था और फिर वह झटपट शादी के बंधन में बंध गए थे. जितनी तेजी से कपल का प्यार परवान चढ़ा था, उतनी ही जल्दी दोनों अलग भी हो गए थे
करण सिंह ग्रोवर और श्रद्धा निगम ने शादी के महज 10 महीने के अंदर ही तलाक ले लिया था. पहली पत्नी श्रद्धा से अलग होने के बाद करण की अपोईंग्टमेंट जेनिफर विंगेट से हुई. जेनिफर विंगेट और करण सिंह ग्रोवर ने सीरियल 'दिल मिल गए' में साथ काम किया था सीरियल 'दिल मिल गए' में साथ काम करने के दौरान दोनों एक-दूसरे के नजदीक आए और साल 2012 में दोनों ने शादी कर ली थी. 2 साल तक खुशहाल शादीशुदा जिंदगी बिताने के बाद कपल ने अपनी राहें अलग कर लीं जेनिफर विंगेट से रिश्ता टूटने के बाद करण ने बॉलीवुड एक्ट्रेस बिपाशा बसु संग तीसरी शादी की. इस कपल की मुलाकात फिल्म सेट पर हुई थी. कुछ साल तक डेट करने के बाद ये कपल 2016 में शादी के बंधन में बंधा था बिपाशा बसु के पति करण सिंह ग्रोवर बॉलीवुड में भले ही खुदको स्थापित नहीं कर पाए हैं, लेकिन वह आज भी ऑनर ऑफ क्रोसेस हैं.।लग्जरी लाइफस्टाइल के शौकीन करण सिंह ग्रोवर की अनुमानित संपत्ति 224 करोड़ रुपये है।



## दमजूनियर एनटीआर से भिड़ेंगे 73 साल के रजनीकांत

थलाइवर रजनीकांत एक ऐसा नाम है जिसे किसी परिचय की जरूरत नहीं है. जेलर में उन्होंने साबित कर दिया है कि उम्र सिर्फ एक संख्या है और अब भी उनके पास दर्जनों प्रोजेक्ट्स हैं. जी हां, अभिनेता वर्तमान में कई हाई-ऑक्टेन लगातार प्रोजेक्ट कर रहे हैं. इस बीच, वे हिमालय के साथ कई स्थानों पर 15-दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा पर भी गए हैं लेकिन वहीं दूसरी ओर फैंस की नजरें उनकी आने वाली फिल्मों पर टिकी है. हाल ही में एक बातचीत के दौरान, रजनीकांत ने कुली के शूट शेड्यूल के बारे में बात की है और वेट्टैयान की रिलीज की तारीख का भी खुलासा किया है लेकिन ये फिल्म जूनियर एनटीआर से टकराने वाली है. दिवाली पर दिखेगा रजनीकांत- तारक का दम पवित्र मंदिर के गुरुजी के साथ बातचीत के दौरान, रजनीकांत ने जिक्र किया कि उन्होंने वेट्टैयान से अपने हिस्से पूरे कर लिए हैं और हम 10 अक्टूबर को फिल्म रिलीज की प्लानिंग कर रहे हैं. उसी बातचीत में थलाइवर ने यह भी जिक्र किया कि कुली की शूटिंग 10 जून से शुरू होने वाली है और अपनी यात्रा से वापस लौटने के बाद वे सेट पर उपस्थिति दर्ज करेंगे. लेकिन वेट्टैयान को लेकर रजनीकांत द्वारा बताई गई तारीख अगर सच है तो उनका सामना जूनियर एनटीआर से होगा, क्योंकि तारक की अपकमिंग देवरा- पार्ट 1 भी 10 अक्टूबर, 2024 को अपनी भव्य रिलीज के लिए तैयार है. 160 करोड़ के बजट में बन रही रजनीकांत की वेट्टैयान वेट्टैयान एक राजनीतिक-थ्रिलर फिल्म है, जिसे जय भीम के प्रसिद्ध निर्देशक टी जे ज्ञानवेल ने निर्देशित किया है. रजनीकांत के अलावा, फिल्म में अमिताभ बच्चन, मंजू वारियर, राणा दग्गुबाती, फहाद फासिल, रितिका सिंह, दुशारा विजयन, राव रमेश, रक्षण, जीएम सुंदर और कई अन्य प्रमुख भूमिकाओं में है,. सूत्रों के अनुसार, फहाद फासिल एक प्रतिपक्षी की भूमिका निभा सकते हैं. वेट्टैयान को 160 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा है रजनीकांत की देवरा पर 300 करोड़ रुपए खर्च वहीं जूनियर एनटीआर की देवरा के बारे में बात करें तो ये फिल्म उनकी मोस्ट अवेटेड फिल्मों से एक है. इस प्रोजेक्ट में तारक एक नहीं बल्कि डबल रोल में नजर आने वाले हैं. निर्देशकय्रश्हड्डह्लड्डद्यड्ड शिवा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जान्हवी कपूर, सैफ अली खान, चैत्रा राय, शाइन टॉम चाको, मुरली शर्मा और श्रीकांत भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं. देवरा को 300 करोड़ रुपए की बड़ी लागत से बनाया जा रहा है.

# 30 अस्पतालों ने आयुष्मान योजना के तहत मरीजों से वसूले पैसे

» अब फर्जी अस्पतालों पर सख्त एक्शन...

रायपुर,03 जून 2024(ए)। आयुष्मान योजना में पंजीकृत निजी अस्पताल प्रबंधन की मनमानी और फर्जीवाड़े पर विष्णु देव सरकार सख्त कदम उठा रही है। विष्णु के सुशासन में अब मेडिकल माफियाओं की खैर नही है। जन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने विष्णु सरकार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग अस्पतालों पर कार्यवाही में लग गया है।

### राज्य के 30 पंजीकृत अस्पतालों पर कार्यवाही

संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य नोडल एजेंसी ऋतुराज रघुवंशी ने प्राप्त हो रही शिकायतों पर जिला स्तर पर जिला शिकायत निवारण समिति तथा राज्य स्तर पर राज्य शिकायत निवारण समिति में निराकरण कर रहे है और शिकायत सही पाए जाने पर जुर्माना और ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही की जा रही है। शिकायतों पर राज्य एवं जिला स्तरीय निरीक्षण टीम के द्वारा नियमित रूप से योजना की समीक्षा की जाती है। इसी क्रम में राज्य के 30 पंजीकृत अस्पतालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है।
आयुषमान योजना के द्वारा ईलाज हेतु भर्ती मरीजों से 104 आरोग्य सेवा के द्वारा फीडबैक भी ली जा रही है। जिसमें मरीजों से अतिरिक्त राशि लिए जाने, उपचार में कोई शिकायत, अस्पताल में साफ सफाई के साथ साथ चिकित्सक तथा स्टाफ़ के व्यवहार संबंधी जानकारी है। ऐसे अस्पताल जिनके द्वारा अतिरिक्त राशि लेने की पुष्टि हुई है उसके विरुद्ध अर्थदंड की कार्यवाही की जा रही है। कुछ अस्पताल हेल्थ पैकेज कोड के विपरीत क्लेम बुक किये है ऐसे क्लेम को निरस्त या आंशिक भुगतान की गई है।




### यह है आयुष्मान भारत योजना

गरीब और जरूरतमंद लोगों को अच्छे एवं आधुनिक अस्पतालों में ईलाज की सुविधा आसानी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना में सामाजिक,आर्थिक एवं जातीय जनगणना अंतर्गत् चिन्हांकित श्रेणी के परिवार, अन्त्योदय एवं प्राथमिकता राशन कार्डधारी परिवारों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा, आयुष्मान कार्ड के जरिए हर वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रूपए तक निःशुल्क ईलाज प्रदान किया जा रहा है।
इसके साथ ही राज्य के बाकी राशन कार्डधारी परिवारों को राज्य सरकार शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष प्रति परिवार 50 हजार रूपए तक ईलाज मुफ्त ईलाज की सुविधा दे रही है।

मरीज जिनका इलाज ओ पी डी में की जा सकती है उन मरीजों को आई पी डी के रूप में भर्ती कराया जाता है ऐसे अस्पताल के विरुद्ध भी गाइडलाइन के अनुसार सख्ती से कार्यवाही निरंतर जारी है। जिले के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारीयों को निर्देशित किया गया है कि जिला स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सक की टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया जाए । जिन अस्पताल में एक ही प्रकार के क्लेम की संख्या अधिक रिपोर्ट की जा रही हो वहां स्थल निरीक्षण भी की जा रही है और भर्ती मरीज से सीधे जानकारी ली जाकर कार्यवाही शामिल हैं।

### विभिन्न माध्यमों में प्राप्त शिकायतों के आधार पर रायपुर जिले के 11 बिलासपुर 9 तथा महासमुंद,बलौदाबाजार,कोंडागांव,दुर्ग के अस्पताल संचालकों को नोटिस जारी किए गए है...

**रायपुर**
अशोका सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल , सी आई एम् टी हास्पिटल,हेरिटेज अस्पताल , मित्तल इंस्टीट्यूट,सत्यम अस्पताल,दानी केयर,श्री राम मल्टी स्पेशिलिटी,कालडा बर्न एवं प्लास्टिक सेंटर,अंकुर अस्पताल , न्यू वंदना अस्पताल,साई समर्थ अस्पताल

**बिलासपुर**
स्टार चिल्ड्रन अस्पताल, सराफ ई एन टी अस्पताल,प्रभा हास्पिटल एवं ट्रामा केयर, ओंकार अस्पताल,केयर एवं क्योर अस्पताल,आरबी इंस्टीट्यूट,यशोदा अस्पताल,आर बी अस्पताल,किम्स अस्पताल

**दुर्ग**
कृष्णा अस्पताल दुर्ग

**महासमुंद**
जय पताई माता अस्पताल,श्री राम अस्पताल,श्री उत्तम साई केयर हास्पिटल जिला महासमुंद

**कोंडागांव**
एकता हॉस्पिटल,शिव अमृता अस्पताल कोंडागांव

**सारंगढ़**
दक्ष अस्पताल बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़

**गरियाबंद**
माँ यशोदा अस्पताल गरियाबंद

### आरोग्यम सुपरस्पेशिलिटी अस्पताल पर 11 लाख 41 हजार जुर्माना

आरोग्यम सुपरस्पेशिलिटी अस्पताल,दुर्ग द्वारा आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के अंतर्गत नियम विरुद्ध किये गये कार्यो की जांच की गई हितग्राहियों से अतिरिक्त नगद राशि लिए जाने की पुष्टि की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के दिशा निर्देश रुपये 2 लाख 28 हजार की पांच गुना राशि रुपये 11लाख 41 हजार का अर्थदण्ड लगाया गया। साथ ही भविष्य में पुनरावृत्ति करने पर निलंबन की कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई।

### जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल 3 महीने के लिए योजना से निलंबित

आयुष्मान भारत जन अरोग्य योजनांतर्गत पंजीकृत अस्पताल जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्टेडियम रोड बसंतपुर, राजनांदगांव के विरुद्ध हीरालाल साहू के शिकायत पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजनांदगांव द्वारा जांच समिति गठित किया गया था। जांच रिपोर्ट में पाया गया कि अस्पताल के द्वारा मरीज को जनरल वार्ड में भर्ती कराया गया था परंतु आयुष्मान कार्ड से आई.सी.यू का पैकेज रेट अनुसार राशि की कटौती की गई।इसके अतिरिक्त मरीज से अस्पताल में भर्ती के समय ओ.पी.डी. पंजीयन के दौरान तीन हजार रूपये नगद राशि ली गई। नियमानुसार यह राशि मरीज को वापस किया जाना था किन्तु नहीं किया गया। अस्पताल द्वारा किये गये उक्त कृत्य योजना के नियमों का उल्लंघन की श्रेणी में पाये जाने पर उक्त अस्पताल को 03 माह के लिए योजना से निलंबित किये जाने की अनुशंसा किया गया। अतः राज्य नोडल एजेंसी के द्वारा इस आशय का आदेश प्रसारित किया गया एवं यह भी निर्देशित किया गया कि मरीज से ली गई नगद राशि वापस की जावे।

### अब अस्पतालों को भुगतान के लिए कोई अप्रोच नहीं

आयुष्मान भारत मे अस्पतालो कि शिकायत रहती है कि पेमेंट सही समय और उच्ची अप्रोच पर ही हो पाता था,विष्णुदेव सरकार के निर्देशानुसार अब फीफा के माध्यम से फर्स्ट कम फर्स्ट आउट के आधार पर पेमेंट किया जा रहा। अब अस्पतालो को पेमेंट के लिए कोई जुगाड़ लगाना नही पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 30 से अधिक पंजीकृत अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्यवाही की है और लाखों रुपये का जुर्माना लगाया है।

# आज होगा सभी पार्टियों के उम्मीद्वारों के भाग्य का फैसला

» सुबह 8 बजे से 11 लोकसभा क्षेत्रों में शुरू होगी मतगणना...

» मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस...



रायपुर,03 जून 2024(ए)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना की तैयारियों के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु समस्त 11 लोकसभा क्षेत्रों में मतगणना कल 04-06-2024 प्रातः 8.00 बजे से प्रारंभ होगी । सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 33 जिला मुख्यालयों में होगी एवं प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना एक पृथक हॉल में की जावेगी। राज्य में मतगणना हेतु 94 मतगणना हॉल नियत किये गये हैं जिनमें वि.स. क्षेत्र रामानुजगंज, सामरी, कोण्डागांव एवं केशकाल में दो-दो को छोड़कर शेष सभी 86 विधानसभा क्षेत्रों में मतगणना एक-एक हॉल में की जावेगी। मतगणना स्थलों का संम्पूर्ण पता, दिनांक, समय और मतगणना प्रक्रिया की पूर्व सूचना सभी अभ्यर्थियों को रिटर्निंग अधिकारियों के द्वारा प्रदान कर दी गयी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना दिवस दिनांक 04 जून, 2024 को राज्य के सभी जिलों में शुष्क दिवस घोषित किया गया है।
11 लोकसभा क्षेत्रों में 90 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना हेतु 11 रिटर्निंग अधिकारी, 476 सहायक रिटर्निंग अधिकारी 4362 गणनाकर्मी एवं 1671 माईक्रो-ऑब्जर्वर नियुक्त किये गये है । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 11 लोकसभा क्षेत्रों की 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 42 काउटिंग ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए है । प्रत्येक गणना मेज पर मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं प्रेक्षक के प्रतिनिधि के रूप में एक माईक्रो-ऑब्जर्वर होगा, जो केन्द्र सरकार के उपक्रम का अधिकारी होगा।
प्रत्येक हॉल में लोकसभा क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्र की म्टड मतगणना हेतु 6 विधानसभाओं पंडरिया, कवर्धा, सारंगढ़, बिलाईगढ़, भरतपुर-सोनहत एवं कसडोल में 21 मेजों एवं अन्य सभी 84 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 14 मेजों में गणना की जावेगी। 11 लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा सर्वप्रथम डाक मतपत्रों की गणना की जावेगी, और इसके प्रारंभ होने के 30 मिनट पश्चात् रिटर्निंग ऑफिसर के मुख्यालय के विधानसभा क्षेत्रों में म्टड की गणना प्रारंभ की जायेगी। रिटर्निंग ऑफिसर के मुख्यालय जिले से भिन्न स्थित 22 जिलों के विधानसभा क्षेत्रों के म्टड की गणना प्रातः 8.00 बजे ही प्रारंभ हो जावेगी ।
डाक मतपत्रों की गणना केवल रिटर्निंग ऑफिसर के मुख्यालय जिलों पर ही की जावेगी। डाक मतपत्रों की गणना हेतु पृथक हॉल (कांकेर एवं महासमुंद में दो-दो हॉल तथा शेष अन्य 9 लो.स. निर्वाचन क्षेत्रों में एक-एक हॉल) निर्धारित किया गया है एवं अधिकतम 500 डाक मतपत्र के लिये एक गणना मेज की व्यवस्था की गयी है। इसके अतिरिक्त प्री-काउंटिंग के लिये आवश्यक तानुसार तकनीकी कर्मियों,स्कैनर, एवं कम्प्यूटर्स की व्यवस्था की गयी है। प्रत्येक मतगणना हॉल में अभ्यर्थियों/गणना एजेन्टों के लिए पृथक प्रवेश द्वार होगें तथा रिटर्निंग ऑफिसर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं गणना में लगे अन्य कर्मचारियों के लिए भी पृथक प्रवेश द्वार होगें । सभी अभ्यर्थियों, गणना एजेंटों एवं उनके निर्वाचन एजेंटों को फोटोयुक्त पहचान पत्र जारी किये गये है। सभी से अपेक्षित है कि वे अपने परिचय पत्र के साथ मतगणना हॉल में प्रातः 7.00 बजे तक प्रवेश कर लेवें, ताकि उन्हें असुविधा न हो । मतगणना केन्द्रों में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जहाँ प्रत्येक स्तर पर पहचान पत्र की जॉच उपरांत ही प्रवेश दिया जाएगा । मतगणना केन्द्रों के पहले और बाहरी स्तर पर जिला पुलिस बल की तैनाती होगी,जहाँ से 100 मीटर का क्षेत्र पैदल यात्री क्षेत्र होगा । मतगणना परिसर में प्रवेश के लिए 01 प्रवेश द्वार की विधिवत बैरिकेडिंग की जाएगी । किसी भी वाहन को पैदल यात्री क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति नही दी जाएगी । प्रथम स्तर में प्रवेशकर्ताओं की पहचान की जॉच करने के लिए 01 वरिष्ठ मजिस्ट्रेट के साथ पर्याप्त स्थानीय पुलिस बल की व्यवस्था होगी । दूसरे स्तर में राज्य सशस्त्र बल की तैनाती की जावेगी। प्रवेश के पूर्व प्रत्येक व्यक्ति की पहचान पत्र के आधार पर जॉच व तलाशी ली जाएगी, ताकि कोई भी मोबाईल और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ प्रवेश न करें । तीसरे स्तर में मतगणना हॉल के दरवाजे में केन्द्रीय पुलिस बल मौजूद रहेगा। इस स्तर पर भी सभी की तलाशी ली जाएगी, ताकि कोई भी मोबाईल और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ प्रवेश न करें । प्रत्येक मतगणना केन्द्र पर मीडिया सेण्टर स्थापित किया जाएगा, जहॉ एक वरिष्ठ अधिकारी की नियुक्ति की गई है,जो समय-समय पर मतगणना हॉलों का अवलोकन करने के लिए एक निश्चित सीमा तक छोटी-छोटी संख्या में मीडिया समूहों को अन्दर ले जायेगें । मतगणना हॉल में मीडिया कर्मियों को किसी स्थैतिक कैमरा से फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी करने की अनुमति नहीं होगी। केवल हैण्डहेल्ड कैमरे से मतदान की गोपनीयता को बनाये रखते हुए मीडिया कर्मी मतगणना कार्य का कवरेज कर सकेंगे। वह स्थान जहॉ तक मतगणना हॉल में मीडिया को प्रवेश की अनुमति होगी, उसे रिटर्निंग अधिकारी द्वारा चिन्हांकित किया जावेगा और सभी संबंधितों को अवगत कराया जाएगा ।

### मतगणना हॉल में केवल निम्नलिखित व्यक्तियों को ही अंदर जाने की अनुमति दी जा सकती है

- ✱ रिटर्निंग अधिकारी /सहायक रिटर्निंग अधिकारी
- ✱ मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माईक्रो आब्जर्वर
- ✱ निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति एवं आब्जर्वर
- ✱ निर्वाचन के संबंध में डयुटी पर तैनात लोक सेवक
- ✱ अभ्यर्थी, उनका निर्वाचन अभिकर्ता तथा गणना अभिकर्ता

आयोग के नवीनतम अनुदेशों के अनुसार केन्द्र तथा राज्यों के मंत्री, राज्यमंत्री तथा उपमंत्री, नगर निगम के मेयर, नगर पंचायत/नगर पालिका के अध्यक्ष, जिला/जनपद पंचायत के अध्यक्ष, एवं अन्य सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों को गणना अभिकर्ता के रूप में नियुक्त किये जाने की अनुमति नही होगी।

# भीषण गर्मी से अब तक 12 की मौत

जांजगीर-चाम्पा-रायपुर,03 जून 2024(ए)। जांजगीर-चाम्पा जिले में लू से मौत का आंकड़ा बढ़ते जा रहा है। जिले में लू से फिर 2 लोगों की मौत हुई है। जांजगीर के वार्ड 14 में युवक राजेश यादव तो सिवनी गांव के सेलून संचालक देवकुमार श्रीवास की लू से मौत हुई है। आपको बता दें कि इससे पहले जिले में 10 लोगों की मौत हुई थी। जिले में पहली बार ऐसी स्थिति बनी है, जब नवतपा की भीषण गर्मी में इतनी बड़ी संख्या में लोगों की जान गई है। जिस तरह से ग्रामीण इलाके से जानकारी आ रही है, उससे लू से मौत का आंकड़ा और बढ़ सकता है। नवतपा में इस बार भीषण गर्मी पड़ी, जो लोगों की जान पर मुसीबत बन गई है। जिले में तापमान 48 तक पहुंचा था और मानव जीवन के साथ ही पशु-पक्षियों के लिए इस बार की गर्मी परेशानी का सबब रही। पिछले 5 दिनों से लोगों की मौत की जानकारी सामने आ रही है। पहली मौत, जांजगीर के स्टेशन के पास एक बुजुर्ग की हुई, फिर शिवरीनारायण में ड्राइवर की मौत हुई थी। फिर चाम्पा में ड्राइवर और हेल्पर की लू से मौत हुई थी। इसके बाद नवागढ़ में 6 लोगों की मौत हुई। इसके बाद आज जानकारी सामने आई कि लू से जांजगीर के वार्ड 14 के युवक और सिवनी गांव में सेलून संचालक की मौत हो गई। अभी जिस तरह की जानकारी आ रही है, उससे लू से मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है।




# छत्तीसगढ़ में आज शराब दुकान रहेगा बंद

रायपुर,03 जून 2024(ए)। छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुका है और आज यानी चार जून को मतगणना होगी। मतगणना शुरू होने के पहले एक बड़ी खबर निकलकर सामने आई है। चार जून को होने वाली मतगणना को देखते हुए छत्तीसगढ़ में ड्राई डे घोषित किया गया है। इसका मतलब ये है कि, आज छत्तीसगढ़ की सभी देशी और विदेशी मदिरा दुकाने बंद रहेंगी। इसके साथ ही प्रदेश के सभी क्लब और बार में भी शराब परोसने पर पाबंदी रहेगी।




# मेले की ड्यूटी में तैनात पुलिस के जवान की धारदार हथियार से हत्या



सुकमा,03 जून 2024 (ए)। सुकमा जिले में ग्रामीण इलाके में लगे एक मेले में पुलिस के जवान की धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी गई। आशंका जताई जा रही है कि नक्सलियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है।
पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीती रात गादीरास थाना क्षेत्र में अज्ञात लोगों ने प्रधान आरक्षक सोढ़ी लक्ष्मण की धारदार हथियार से हत्या कर दी। जानकारी मिली है कि लक्ष्मण सोढ़ी गांव में आयोजित मेले में गए थे, उसी समय कुछ लोगों ने उनकी गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में लक्ष्मण की मौके पर ही मौत हो गई।अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलने के बाद गादीरास थाने का एक दल मौके पर पहुंचा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उन्होंने बताया, ÷घटना जिस तरीके से घटी है,उसे देखते हुए आशंका है कि इसे नक्सलियों के छोटे दल ने अंजाम दिया है। हालांकि, व्यक्तिगत दुश्मनी सहित सभी संभावित कोणों से जांच की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में सुरक्षाबल के जवान तैनात हैं तथा हमलावरों की खोज शुरू कर दी गई है।

# छत्तीसगढ़ में पेट्रोल-डीजल के दाम में होगी बढ़ोत्तरी




रायपुर,03 जून 2024 (ए)। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने से एक दिन पहले जनता को जोर का झटका लगा है। दरअसल दूध उत्पादक कंपनियों ने दूध के दाम बढ़ोतरी कर दी है। इससे पहले टोल के दाम में भी बढ़ोतरी की गई थी। वहीं, छत्तीसगढ़ में बिजली के कीमतें भी बढ़ा दी गई थी। जनता को महंगाई का झटका देने के बाद अब खबर आ रही है कि चुनाव के परिणाम जारी होने के बाद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। यानि एक या दो दिन के भीतर जनता को एक और बड़ा झटका लग सकता है। छत्तीसगढ़ में दूध,बिजली और टोल टैक्स के दर में वृद्धि होने को लेकर प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद मोदी जी सब ठीक कर देंगे। कांग्रेस महंगाई को सरकार के मापदंड पर देखती है। पड़ोसी देशों से तुलना करें तो पता चलेगा,जहां पेट्रोल-डीजल, खाद्य वस्तुओं के दाम ज्यादा हैं। कांग्रेस को तो पाकिस्तान से बधाई संदेश आता है,इंडिया ने देश में अस्थिरता का वातावरण पैदा किया।

# स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर गायब

» नक्सली अपहरण की आशंका,

» सरकारी क्वॉर्टर में मिला पुराना फोन,पोस्टर भी जब्त



रायपुर,03 जून 2024 (ए)। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में एक वारदात सामने आई है। यहां एक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर अचानक से गायब है। जिसके बाद पुलिस को गायब होने की सूचना भी दी। पुलिस टीम ने डॉक्टर के सरकारी क्वार्टर में जाकर जांच की है। जांच के दौरान एक सीपीआई उग्रवादी का पोस्टर मिला। जिसे जब्त कर लिया गया है।फिलहाल, पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। डॉक्टर का अपहरण नक्सलियों ने किया है। अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस दोनों एंगल से मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि गोस्टी स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर अमलान भोई शनिवार को अचानक से गायब हो गए।
इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। अचानक से डॉक्टर के लापता होने की जानकारी लगते ही पुलिस विभाग सकते में आ गया। मलकानगिरी एसपी को भी इस बात की सूचना मिली।घटना की जांच में जुटी पुलिस डॉक्टर के सरकारी आवास पर पहुंची। जहां एक पुराना फोन मिला। साथ ही सीपीआई उग्रवादी के नाम का पोस्टर मिले। सभी सामान को जब्त कर लिया गया है। ऐसे में पुलिस अब डॉक्टर के अपहरण या फिर डॉक्टर खुद ही लापता हो गए। इन दोनों एंगल से मामले की जांच कर रही है।

# रायपुर के तहसील दफ्तर में फैली गंदगी



रायपुर,03 जून 2024 (ए)। शहर की गलियों में साफ़-सफाई तो दूर की बात है। इन दिनों में ज्यादा गंदगी तहसील दफ्तर में फैली हुई है। जिसकी बदबू से वहां काम कराने पहुंच रहे ग्रामीण जन परेशान है। जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी साफ़-सफाई में ध्यान दे ही नहीं रहे है। वही बात करें गार्डन और तालाबों की तो वहां भी ऐसी स्थिति है। अगर इस तरह गंदगी फैली रही तो बीमारी का खतरा बढ़ जाएगा। आगे एडवोकेट ऋषभ अवस्थी का कहना है कि कामकाज के लिए तहसील दफ्तर जाने पर मुंह बंद करना पड़ता है।

# छत्तीसगढ़ के स्पा सेंटर में दिल्ली की युवती से दुष्कर्म



बिलासपुर,03 जून 2024 (ए)। बिलासपुर में एक स्पा सेंटर में युवती से दुष्कर्म की घटना सामने आयी है। स्पा संचालक पर ही युवती से दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि दिल्ली की युवती स्पा सेंटर में काम करती थी। पीड़िता की शिकायत के बाद आरोपी स्पा संचालक गिरफ्तार हो गया है। यह पूरा मामला तारबाहर थाना क्षेत्र का है।दरअसल, यहां पर स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का सनसनीखेज आरोप लगाया गया है। दिल्ली से सेंटर में काम करने आई युवती ने स्पा सेंटर संचालक पर रेप का आरोप लगाया है।बिलासपुर के व्यापार विहार में सनराइज थाई बॉडी स्पा सेंटर संचालित है । कहने को तो यहां स्पा सर्विस दी जाती है लेकिन आरोप लग रहे हैं कि इस स्पा सेंटर की आड़ में यहां जिस्मफरोशी का खेल खेला जा रहा है, जिसके लिए संचालक शंकर नगर रायपुर निवासी द्वारा अन्य शहरों से युवतियों को बुलाकर स्पा सेंटर में उन्हें ग्राहकों को परोसा जाता है।पीड़िता द्वारा बताया गया है कि स्पा सेंटर की आड़ में यहां देहव्यापार का खेल लंबे समय से चल रहा है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)